संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 16 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 103 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और आर माधवन 15 अप्रैल को दिल्ली में अपनी आगामी फिल्म केसरी चैप्टर 2 की विशेष प्री-स्क्रीनिंग दौरान।

# नेशनल हेराल्डः ईडी ने चार्जशीट दाखिल की

● सोनिया, राहुल और पित्रोदा पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप; कांग्रेस बोली- मोदी, शाह धमका रहे, कानून से कोई ऊपर नहीं: बीजेपी

**परेशानी बढ़ी**

**नेशनल हेराल्ड केस: ईडी ने कोर्ट में दाखिल की शिकायत, राहुल-सोनिया के नाम शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में शिकायत दाखिल की है। ईडी ने इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को आरोपित बनाया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने के मामले पर 25 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। ईडी ने मनी लांड्रिंग कानून की धारा 44 और 45 के तहत शिकायत दाखिल की है। ईडी की ओर से पेश वकील एनके माटा ने कहा कि इस मामले में 2019 में सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 406 और 420 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। ये मामला राऊज एवेन्यू कोर्ट के एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट के यहां लंबित है। उसके बाद कोर्ट ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट के यहां से संबंधित केस की फाइल तलब करने का आदेश दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता सुब्रह्मयम स्वामी का आरोप है कि दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए साजिश के तहत यंग इंडियन लिमिटेड को संपत्ति का अधिकार दिया गया। स्वामी का कहना है कि हेराल्ड हाउस को केंद्र सरकार ने समाचार पत्र चलाने के लिए जमीन दी थी, इस लिहाज से उसे व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।





## चार्जशीट से पहले प्रॉपर्टी जब्त करने की कार्रवाई हुई

**दिल्ली** के हेराल्ड हाउस (5A, बहादुर शाह जफर मार्ग), मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के विशेश्वर नाथ रोड स्थित की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए थे। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा अखछ के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को एऊने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

**सोनिया-राहुल से घंटों हुई थी पूछताछ**
जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए।

**नेशनल हेराल्ड केस क्या है?**
बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को




धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड का अवैध अधिग्रहण कर लिया। स्वामी का आरोप था कि ऐसा दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित हेराल्ड हाउस की 2000 करोड़ रुपए की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया था। स्वामी ने 2000 करोड़ रुपए की कंपनी को केवल 50 लाख रुपए में खरीदे जाने को लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत केस से जुड़े कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की थी।

## यह बदले की राजनीतिः कांग्रेस

**कांग्रेस** ने इसे बदले की राजनीति बताया। जयराम रमेश ने लिखा, 'नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। सत्यमेव जयते।' ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया था कि वह हर महीने किराया/लीज राशि प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे।

मंगलवार को कोर्ट में क्या हुआ
राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा- पीएमएलए 2002 की धारा 44 और 45 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी ने एक नई शिकायत दायर की है। इसे धारा 3 के साथ धारा 70 के तहत



डिस्क्राइब किया गया है। यह पीएमएलए, 2002 की धारा 4 के तहत दंडनीय है। हालांकि इस मामले की सुनवाई राउज एवेन्यू कोर्ट में एडीशनल चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट के पास चल रही है। लेकिन जस्टिस गोगने ने कहा कि की की धारा 44(1)(उ) के तहत सुनवाई उसी अदालत में की जानी चाहिए जिसने धारा 3 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस पर संज्ञान लिया है। दोनों अपराधों का फैसला एक ही क्षेत्राधिकार में किया जाना चाहिए। इस बीच, एऊके वकील ने कहा कि वह मामले को चीफ डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज की बेंच में ट्रांसफर करने के लिए अपील करेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### ईडी ने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से हरियाणा के गुरुग्राम स्थित भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजकर आज पूछताछ के लिए बुलाया था। यह मामला रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी के गुरुग्राम में जमीन की खरीद से जुड़ा है। जांच के सिलसिले में नया समन मिलने के बाद रॉबर्ट वाड्रा आज सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए ईडी कार्यालय दो किलोमीटर पैदल गए। केंद्रीय जांच एजेंसी से पूछताछ के पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में ईडी के समन को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज के जवाब साझा किए हैं, लेकिन फिर भी केंद्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है।

### फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई - रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली में कुछ निजी स्कूलों के द्वारा कथित फीस वृद्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। रेखा गुप्ता ने आज अपने आवास पर जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामले का संज्ञान लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों के खिलाफ छात्रों के अभिभावकों ने असामान्य तरीके से फीस बढ़ाए जाने की शिकायत की है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर प्रसन्नता हुई।

### अरुणाचल में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा आईबीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 21-22 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में बुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की संस्कृतिह्व शीर्षक से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। सम्मेलन में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के शामिल होने की संभावना है। उपमुख्यमंत्री चौना मीन के भी इसमें भाग लेने की संभावना है। उत्तर-पूर्व भारत बौद्ध परंपराओं, मठवासी संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने डेनमार्क की पीएम से द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

**वैश्विक मुद्दा**

**टेलीफोन पर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ वैश्विक विकास पर चर्चा की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने मंगलवार को टेलीफोन पर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ वैश्विक विकास पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में दोनों नेताओं की बातचीत का ब्यौरा साझा करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने आगामी भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के दौरान नॉर्वे में होने वाली अपनी बैठक को लेकर उत्सुकता जताई। बयान के अनुसार, वर्ष 2020 में हरित



रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत के बाद से भारत-डेनमार्क के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में हरित रणनीतिक साझेदारी के विस्तार का उल्लेख किया। इसने भारत में डेनिश निवेश के लिए हरित परिवर्तन में योगदान करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

## टैरिफ वॉर के कारण भारत में चीनी उत्पादों की डंपिंग का खतरा





**निर्यात**

**अपने निर्यात के नुकसान की भरपाई भारतीय बाजार से करने की रणनीति अपनाई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच तेज हो रहे टैरिफ वॉर के कारण भारत में चीनी उत्पादों की डंपिंग का खतरा बढ़ने लगा है। इस टैरिफ वॉर के कारण चीनी कंपनियों ने अमेरिका में होने वाले अपने निर्यात के नुकसान की भरपाई भारतीय बाजार से करने की रणनीति अपनाई है। इसके लिए चीन की कंपनियां भारत को निर्यात होने वाले अपने उत्पादों पर बड़ा डिस्काउंट ऑफर कर रही हैं। चीन की कंपनियां अपने उत्पादों को भारतीय बाजार में अधिक से अधिक खपाने के लिए अलग-अलग सेक्टर्स में 7 से 15 प्रतिशत तक का डिस्काउंट ऑफर कर रही हैं। इस डिस्काउंट के कारण भारतीय उपभोक्ताओं को सस्ती कीमत पर चीनी उत्पादन मिल सकेंगे, लेकिन इसकी वजह से भारतीय उद्योगों की हालत खराब हो सकती है। ऐसा होने पर चीनी कंपनियां अपने उत्पादों को भारतीय बाजारों में कम कीमत पर बेचने के लिए डंप कर सकती हैं, जिससे तुलनात्मक तौर पर महंगे भारतीय उत्पाद की बिक्री पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इस आशंका को देखते हुए इंडियन मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से एक्स्ट्रा डिस्काउंटेड चीनी उत्पादों पर सेफगार्ड ड्यूटी लगाने की मांग की है, ताकि भारतीय उद्योग भी मार्केट कंपटीशन में अपना अस्तित्व बचा सकें। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी उत्पादों पर 145 प्रतिशत ड्यूटी लगाने का ऐलान किया है। इसके जवाब में चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर लगातार गहराता जा रहा है, जिससे दोनों ही देश के लिए एक दूसरे के साथ कारोबार करना कठिन हो गया है। ये स्थिति तब है जब दोनों ही देश उत्पादों की मांग और आपूर्ति के मामले में एक दूसरे पर काफी हद तक निर्भर हैं।

## वक्फ की जमीनों पर मकान बनवाएंगेः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरदोईः** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा- वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे। निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रही हिंसा पर सीएम ने हरदोई में कहा- लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए। उन्होंने कहा- बंगाल जल रहा है, लेकिन वहां की मुख्यमंत्री के साथ-साथ सपा और कांग्रेस भी चुप हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं और सेक्युलरिज्म के नाम पर उन्हें खुली छूट दे दी है। इस तरह



की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। वहां की कोर्ट को धन्यवाद दूंगा, जिसने वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है।
योगी मंगलवार को माधोगंज स्थित रुइया गढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस समारोह में

**निशाना साधा**

**लातों के भूत बातों से नहीं मानते, जिसे बांग्लादेश पसंद, वो वहां चला जाए: सीएम योगी आदित्यनाथ**

भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 650 करोड़ रुपए की 729 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**वक्फ की जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनाएंगे**
वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल बनेंगे, गरीबों के लिए मकान बनेंगे, ऊंची इमारतें बनेंगी। यहां स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे और निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा, लेकिन किसी को जमीन पर कब्जा कर गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। लोग इसी वजह से परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट मची थी, अब वह रुकने वाली है।

**सपा-कांग्रेस को परेशानी है कि अब गुर्गे खाली हो जाएंगे**
इन लोगों को इसलिए परेशानी हो रही है, क्योंकि अब उनके गुर्गों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वो गुर्गे जो पहले जनता को लूटते थे। जो भस्मासुर पाल रखे थे, अब उन्हें डर है कि कहीं वही इन्हें न डसने लगें। जो अकूत संपत्ति इकट्ठा की गई थी, उस पर डकैती न पड़ जाए। इसलिए ये वक्फ के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़ी दो याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका वकील शशांक शेखर झा और दूसरी याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है। याचिकाओं में वक्फ संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है। वकील शशांक शेखर झा की याचिका में इस हिंसा की एसआईटी से जांच की मांग की गई है। वकील विशाल



तिवारी ने याचिका में कहा है कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच के दिशा-निर्देश जारी किये जाएं।
याचिका में राज्य सरकार को लोगों की जान-माल की सुरक्षा के निर्देश दिए जाने की मांग की गई है।

### ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाली ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। ह्यब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और सतत कृषि को बढ़ावा देनाह्न विषयक बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे।

**रोडमैप तैयार** स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास और जनकल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे

## आईएएस अधिकारियों के विकास कार्य राष्ट्रीय हित में जरूरीः राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वर्तमान में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों से कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास और जनकल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे। राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को



संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ उन्हें अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली

**मार्गदर्शन**

**उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से**

पोस्टिंग में ही कई साथी नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को सिविल सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोकसेवक के कर्तव्य उसकी ज़िम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी।

# जैन ने गोहाना रोड एवं महलाना रोड के बीच ओवरफ्लो की लाइन डालने के निर्देश दिए

**निर्देश**

▶▶ जैन कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, करने वाले ठेकेदारों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** मयूर विहार, इंडियन कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी में सीवरेज जाम की रोजाना मिल रही शिकायतों के मद्देनजर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने मैन गोहाना रोड पर सीवर की बड़ी लाइन के ढक्कन खुलवाकर स्थिति जांची और अधिकारियों को डिस्पोजल सही समय पर चलाने तथा तिरंगा चौक पर गोहाना रोड एवं महलाना रोड के बीच ओवरफ्लो की लाइन डालने के निर्देश दिए। राजीव जैन कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, एस डी ओ देवेंद्र खासा एवं सीवरेज की सफाई करने वाले ठेकेदारों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लाइन में गाद की स्थिति चेक करवाई। उन्होंने डिस्पोजल पर चल रही मोटरों का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिस्पोजल की मोटर बंद नहीं होनी चाहिए। इन कॉलोनियों में सीवरेज की समस्या के समाधान के लिए जल्द ही तिरंगा चौक पर महलाना रोड की बड़ी सीवर लाइन तक नया पाइप डाला जायेगा जिस कारण गोहाना रोड के आसपास की कालोनियों का भी समाधान होगा और शम्भु दयाल सिथत डिस्पोजल पर भी पानी कम आने से राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि सीवरेज लाइन में मानव अपशिष्ट के अलावा कुछ और अड़ंगा जैसे कि गोबर ना डालें ताकि सीवरेज व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। मौके पर जोगेंद्र सेठा, डॉक्टर आजाद खासा, विनोद नैन, महावीर, रामपाल, सन्नी, रामबीर, रविंद्र, सोमबीर, अनुज आदि आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# मेडिकल यूनिट ने स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। आज लाडवा के वार्ड नंबर 11 में ढींगड़ा चौक और शिव मौहल्ला में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं।



सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है।

## तिलवाड़ा टीले पर खोदाई कर पुरावशेषों को सुरक्षित निकालने में जुटे

**नोएडा :** तिलवाड़ा गांव स्थित आला टीले पर करीब चार माह पहले एएसआई द्वारा उत्खनन शुरू किया गया था। इसके बाद होली पर्व के कारण उत्खनन रोक दिया गया था। वहां कई दिन पहले दोबारा से खोदाई शुरू कर दी गई। यहां पर पुरातत्वविदों को केवल दो ट्रेंच से ही बड़ी सफलता मिली है। बाकी ट्रेंच से कोई खास सफलता नहीं मिली। टीले के निचले हिस्से पर किए गए कार्य से शवाधान केंद्र के प्रमाण मिले।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उदयवीर, पुत्रः कालू राम, पताः झुग्गी नं. 804, जी–ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 161/19, U/s 33/38 Delhi Ex. Act, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **उदयवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **उदयवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 161/19, U/s 33/38 Delhi Ex. Act, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **उदयवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर, कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4608/NW/2025


# सोनीपत बार एसोसिएसन ने पुष्प अर्पित कर मनाई अम्बेडकर जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला बार एसोसिएशन सोनीपत वह जिलाअधिवक्ता परिषद सोनीपत के द्वारा डॉ बी आर अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किये डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया जिसमें मुख्य रूप से बाहर के प्रधान अनिल दुल उपस्थित रहे व उनके साथ में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉक्टर कुलवंत मलिक उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष नरेंद्र गंगाना ने की इस अवसर पर बार प्रधान अनिल डुल ने बाबा साहब के संघर्ष पूर्ण जीवन के बारे में बतलाया एवं रजनीश मलिक एडवोकेट न्याय प्रवाह प्रांत से प्रमुख सोनीपत में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति एवं देश का विकास हो सकता है इसलिए हमें शिक्षित होना चाहिए व सभी को शिक्षा के महत्व को बतलाना चाहिए इस मौके पर मुख्य रूप से सोनीपत बार एसोसिएशन के सचिव संदीप खरब जी उपस्थित रहे व वरिष्ठ एडवोकेट एवं समाजसेवी नकिन मेहरा ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी के द्वारा महिलाओं के अधिकारों के लिए किये संघर्ष के बारे में विस्तार पूर्वक उल्लेख किया इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट इंद्रजीत खोखर महेंद्र सैनी कर्मवीर खोखर रेनू सिंघल कृष्ण सैनी विजेंद्र युविका मेहरा,मंजू आदि अनेक वरिष्ठ एडवोकेट मौजूद रहे अधिवक्ता परिषद के सचिव सचिन त्यागी उपाध्यक्ष संजय कंकड़वाल किशन जागरण व अन्य सभी सदस्यों ने बी आर अंबेडकर जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किया वह लड्डुओं का प्रसाद पूरी बार एसोसिएशन सोनीपत के अंदर वितरित कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई।

## विद्यार्थियों को आगजनी के घटना से बचाव के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में मंगलवार को अग्निशमन दल के कर्मचारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों व छात्रों को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। गणित प्रवक्ता सतन सिंह ने बताया कि दमकल अधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अग्निशमन कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को आग लग जाने पर उससे बचाव एवं रेस्क्यू संबंधित जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी विकास कुमार व उनकी टीम के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए, पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर लगा आग बुझाकर दिखाया। दमकल के पदाधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।


**नौएडा** **नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की आधिकारिक website: **www.noidaauthorityonline.in & http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

**एद्ध फ्रेस–टेण्डर कार्य:–**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 31/उ0म0प्र0/वरि प्र.(व0स0–7)/ई0नि0/2024–25 | सडकों का अनुरक्षण कार्य (ग्राम याकूबपुर, हॉजरी काम्पलैक्स, कैन्ट आर०ओ० रोड एव फेस–।। में संकेतिक एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाने का कार्य), नौएडा। | 16.08 |
| 2 | 26/उ0म0प्र0/वरि प्र.(व0स0–10)/ई0नि0/2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण कार्य (ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम–बादौली, सैक्टर–154 में निर्मित प्राथमिक पाठशाला में किंचन का निर्माण कार्य), नौएडा। | 16.02 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 29.04.2025 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 30.04.2025 को 11.00 बजे खोली जायेंगी।

"महत्वपूर्ण सूचना–
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (**Flood Plain Zone**) में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

उप महाप्रबंधक (सिविल), नोएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मनोज कुमार सिंह, प्रो. मैसर्स पारस स्टोर,** दुकान नं. 01, शक्ति विहार नगर मार्किट स्कूल रोड, मीठापुर चौक, बदरपुर, नई दिल्ली ने **CC No. 520330/2016, 520329/2016 & 520328/2016, U/s 138 NI Act,** थानाः हौज काजी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार सिंह** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 520330/2016, 520329/2016 & 520328/2016, U/s 138 NI Act,** थानाः हौज काजी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देशना गोलेछा, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(एनआई एक्ट)–07, कोर्ट नं. 507
एक्सटेशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4595/CD/2025
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 14250838B | रेफ्रिजरेन्ट गैस क्लोरोडोफ्लुओरो | 8179 किलो ग्राम | 09.05.25 |
| 02 | 14250835C | रैफ्रिजरेन्ट आर 407 सी सूटेबल | 13264 किलो ग्राम | 09.05.25 |
| 03 | 09252115 | नकल थ्रोअर | 13506 नग | 12.05.25 |
| 04 | 07243463 | बॉडी टू बोगी कनेक्टिंग | 17422 नग | 12.05.25 |
| 05 | 15255019 | हाइड्रोलिक प्रेस ब्रेक कैपेसिटी 200 टन | 01 नग | 12.05.25 |
| 06 | 09252536 | स्प्रिंग प्लान्क फॉर कासनब | 662 नग | 09.06.25 |
| 07 | 09250043 | गार्ड सीट फॉर गुड्स ब्रेकवैन | 938 नग | 16.05.25 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं0 04/2025–2026 दिनांक : 15.04.2025** **1109/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ बेबी पुत्र** उमेश **निवास** गाँव जरी, थाना चंदौसी, जिला मुरादाबाद, यू.पी. एवं **दूसरा निवास** ई-06/335 ऑल्ड सीमापुरी, सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली ने **FIR.No. 408/16 U/s 323/341/506 IPC. थानाः जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ बेबी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ बेबी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 408/16 U/s 323/341/506 IPC. थानाः जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ बेबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सघमित्रा
जेएमएफसी-01, कमरा नं. 54, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4671/SHD/2025
(Court Matter)



**Piramal Finance**

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं.-601, 6वीं मंजिल, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070-T+91 22 3802 4000.. शाखा कार्यालयः यूनिट नं. 01 और 09, ग्राउंड फ्लोर, जीडी-आईटीएल नॉर्थ एक्स टॉवर, प्लॉट नं. ए-9, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034 और प्लॉट नं.-6, ब्लॉक-ए2वीं मंजिल, सेक्टर 2, नोएडा-201301

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8-(1) और परिशिष्ट-IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से विख्यात) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से निपटने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के अधीन होगा, जो कि ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि के लिए है।

| क्रमांक सं | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण कोड संख्या 27900001638), (शाखा नोएडा सेक्टर 2), अनिल (उधारकर्ता), कांता देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - फ्लैट संख्या टीएफ-01, तृतीय तल आरएचएस, खसरा संख्या 206/9, अम्बुज सिटी, अकबरपुर बेहरामपुर गाजियाबाद, गाजियाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेशः-201009 | 20-12-2024 को रु. 8,35,599/- (आठ लाख पैंतीस हजार पांच सौ निन्यानवे रुपये मात्र) | 10/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 2 | (ऋण कोड संख्या 23600000702), (शाखा - पालघर), राज जगपाल कौशिक (उधारकर्ता), अंजू राज कौशिक (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग एफ नं. ए-1602, 16वीं मंजिल, ब्लॉक ए, ओएसिस वेनेटिया हाइट्स, सूरजपुर साइट हाउसिंग सेक्टर, फेज 2, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, यूपी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 | 20 फरवरी 24 को 39,72,307 रुपये (उनतीस लाख बहत्तर हजार तीन सौ सात रुपये मात्र) | 12/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 3 | (ऋण कोड संख्या M0155519), (शाखा -गुड़गांव), आकाश गुप्ता (बोसोवर), आशा गुप्ता (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल - प्लॉट नं. खसरा नं. 387, वार्ड पुराना नंबर 9, मोहल्ला- गोपालपुरा, फतेहाबाद, प्रिंस गमाल स्टोर के पास जिला-आगरा उत्तर प्रदेश 282001 | 18 नवंबर 2024 को रु. 8,28,120.02/- (रुपये आठ लाख अट्ठाईस हजार एक सौ बीस और दो पैसे मात्र) | 11/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 4 | (ऋण कोड संख्या 25500001731), (शाखा पीतमपुरा), देवेन्द्र सिंह (उधारकर्ता), पिंकी (सह-उधारकर्ता) रमा देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग- प्लॉट संख्या एफ-81, खसरा संख्या 254, न्यू आनंद विहार, ग्राम, सादुल्लाबाद, लोनी गाजियाबाद, गाजियाबाद.यूपी गाजियाबाद उत्तर प्रदेशः 201102 | 20 दिसंबर 24 को रु. 7,49,188/- (सात लाख चालीस हजार रुपये से अट्ठासी हजार रुपये) | 11/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 5 | (ऋण कोड संख्या M0251032), (शाखा-आगरा), गजेंद्र धनगर (उधारकर्ता), श्याम वती (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग, प्लॉट संख्या 7 का भाग, खसरा संख्या 318, बिचपुरी अजनम उपेंद्र नगर, आदर्श पब्लिक स्कूल के पास, तहसील एवं जिला आगरा, आगरा-282001, उत्तर प्रदेश | 20-दिसम्बर-24 को रु. 5,83,163.14/- (पांच लाख अस्सी हजार एक सौ तिरसठ रुपये और चौदह पैसे मात्र) | 14/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 6 | (ऋण कोड संख्या HLSA00094361), (शाखा - गाजियाबाद), निर्देश कटारिया (उधारकर्ता), हरमुखी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग- फ्लैट संख्या यूजीएफ-1, ऊपरी भूतल सामने दाईं ओर बिना छत के एमआईजी, प्लॉट संख्या बी-6/13, बी-ब्लॉक, डीएलएफ अंकुर विहार, एमएम रोड के पास, सदुलाबाद, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201102 | 20-दिसम्बर-24 को रु. 20.26.241.22/-(रुपये बीस लाख छब्बीस हजार दो सौ इकतालिस और बाईस पैसे मात्र) | 11/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 7 | (ऋण कोड संख्या HLSA0001F402) (शाखा बुलन्दशहर), परमवीर सिंह यादव (उधारकर्ता), प्रवेश देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग एवं पार्सल-खेत संख्या 1049, खसरा संख्या 1942, शिकारपुर नगर पालिका सीमा के पहाड़, बुलन्दशहर-203001, उत्तर प्रदेश | 16-अक्टूबर-24 को रु. 6,34,673.98/- (छह लाख चौंतीस हजार छह सौ तिहत्तर रुपये और अट्ठानवे पैसे मात्र) | 14/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 8 | (ऋण कोड संख्या HLSA0005A4AC). (शाखा -आगरा), सौरभ कुमार (उधारकर्ता), गुड्डी देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल- खसरा नंबर 12, नगर निगम नंबर 31/बीएच/पी-12, एसआर इंटर कॉलेज के पास, मौजा-केहराई, परगना सदर, तहसील और जिला। आगरा 282001 | 20-दिसम्बर-24 को रु. 7,23,709/- (सात लाख तेईस हजार सात सौ नौ रुपए मात्र) | 11/04/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 9 | (ऋण कोड संख्या HLSA0005A4ACTU), (शाखा-आगरा), सौरभ कुमार (उधारकर्ता), गुड्डी देवी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग- खसरा नं. 12, नगर निगम नं. 31/बीएच/पी-12, एसआर इंटर कॉलेज के पास | 20-दिसम्बर-24 को रु. 8,77,271.68/- (रुपये आठ लाख सत्तर हजार दो सौ इकहत्तर और अड़सठ पैसे मात्र) | 11/04/2025 (प्रतीकात्मक) |

स्थानः उत्तर प्रदेश दिनांकः 16.04.2025 (प्राधिकृत अधिकारी) पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि सुदेश पत्नी दयानंद निवासी मकान नंबर 1348/29 देवीलाल कालोनी सोनीपत तहसील व जिला सोनीपत की स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि विक्की मेरा सगा लड़का है जोकि शादीशुदा हैं। विक्की व उसकी पत्नी सुषमा मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करते हैं इसलिए मैं विक्की व उसकी पत्नी सुषमा को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। यदि आज के बाद उपरोक्त दोनों कोई भी उचित या अनुचित कार्य करते हैं या फिर किसी से कोई लेना-देना करते हैं तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार कि कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मै जो कि भगत सिंह पुत्र काशी राम निवासी गांव सनपेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका वजीर सिंह व उसकी पत्नी मीनू मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

## रेखा गुप्ता ने अपने आवास पर जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामले का संज्ञान लिया

**सीएम की सख्ती**

**सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली में कुछ निजी स्कूलों के द्वारा कथित फीस वृद्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। रेखा गुप्ता ने आज अपने आवास पर जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामले का संज्ञान लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों के खिलाफ छात्रों के अभिभावकों ने असामान्य तरीके से फीस बढ़ाए जाने की शिकायत की है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फीस बढ़ाने के लिए नियम और कानून हैं जिनका पालन किया जाना चाहिए। जो भी स्कूल नियम कानून का पालन नही करता उन सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि आज जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामला सामने आया। जिसमें बच्चों के परिजनों ने गलत तरीके से फीस वसूली और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर कड़ी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। रेखा गुप्ता ने बताया कि अभिभावक अपनी शिकायतों के साथ मिल रहे हैं। किसी भी स्कूल को माता-पिता और बच्चों को परेशान करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें बच्चों को धमकाने और असामान्य रूप से फीस बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार का अन्याय, शोषण या अनियमितता को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।

## दिल्ली सरकार ने बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी, नई दरें एक अप्रैल से लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में कार्यरत श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में मंगलवार को वृद्धि की घोषणा की। सभी श्रेणियां में दिल्ली सरकार ने करीब 400 रुपये की वृद्धि की है। नई दरें 01 अप्रैल 2025 से प्रभावी होंगी। दिल्ली सरकार के श्रम विभाग ने बयान के मुताबिक अकुशल मजदूर को अब से 18,456 (पहले 18066), अर्ध कुशल मजदूर को 20,371 (पहले 19929), कुशल मजदूर को 22,411 (पहले 21,917), गैर मैट्रीकुलेट को 20371 (पहले 19,929), मैट्रीकुलेट को 22,411 (पहले 21,917) स्नातक और उससे ऊपर को 24,356 (पहले 23,836) रुपये मिलेंगे। इससे पहले मजदूरी दर में पिछले साल अक्टूबर में वृद्धि की गई थी। दिल्ली सरकार का कहना है कि वेतन वद्धि न केवल मुद्रास्फीति की दर को बेअसर करेगी बल्कि दिल्ली में काम करने वाले बड़ी संख्या में श्रमिकों को राहत भी देगी।

## जेएनयू चुनावः एबीवीपी के प्रत्याशियों ने किए नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपने संभावित प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एबीवीपी की ओर से इस बार शांभवी प्रमोद, अनुज दमाड़ा, कुणाल राय, विकाश पटेल, राजेश्वर कांत दुबे, शिखा स्वराज, निट्टू गौतम, अरुण श्रीवास्तव तथा आकाश कुमार रवानी मैदान में हैं। इन सभी संभावित प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन भर दिया है। नामांकन पत्रों की जांच के पश्चात इन्हीं नामों में से जेएनयूए सेन्ट्रल पैनल के लिए चार नाम – अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पदों के लिए तय होंगे। एबीवीपी के कार्यकर्ता अलग-अलग समूहों में हॉस्टल टू हॉस्टल, क्लास टू क्लास कैंपेन के माध्यम से प्रत्येक छात्र- छात्राओं तक पहुंच रहे हैं और विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रहित में किए गए पिछले 6 वर्षों के सकारात्मक, रचनात्मक व आंदोलनात्मक कार्यों से उन्हें अवगत करा रहे हैं। एबीवीपी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव के साथ-साथ 42 काउंसलर पदों के लिए भी चुनाव होने हैं, जो विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और एक विशेष कंबाइंड सेंटर में संपन्न होंगे। मंगलवार को नामांकन भरने की अंतिम तिथि थी।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने ई-विधान के क्रियान्वयन पर की व्यापक चर्चा



**मंथन**

**विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और मुख्यमंत्री मोहन चरन मांझी से मुलाकात की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उनके प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को तीन दिवसीय ओडिशा दौरे पर हैं। विजेंद्र गुप्ता और साथ गए प्रतिनिधि मंडल ने ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति, विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और मुख्यमंत्री मोहन चरन मांझी से मुलाकात की। विजेंद्र गुप्ता ने सुरमा पाढ़ी से मुलाकात कर दिल्ली विधानसभा को पेपरलेस बनाने संबंधी योजना पर विस्तृत चर्चा की। ई-विधान मॉडल के क्रियान्वयन पर हुई इस चर्चा में सुरमा पाढ़ी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा को कागजमुक्त बनाने के प्रयासों में ओडिशा विधानसभा हर संभव मदद करेगी। पाढ़ी ने हाल ही में ई-विधान लागू करने वाली ओडिशा विधानसभा के अनुभवों को भी साझा किया। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा को पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित करने संबंधी योजना को डॉ. हरि बाबू कंभमपति से साझा किया। उन्होंने बताया कि योजना के पूर्ण होने से दिल्ली विधानसभा जल्द ही 550 किलोवॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन करेगी। इस प्रयास से दिल्ली विधानसभा प्रतिमाह 15 लाख रुपये बिजली व्यय की बचत करेगी। डॉ.कंभमपति ने दिल्ली विधानसभा के प्रौद्योगिकी और पर्यावरण दोनों को साथ लेकर चलने के प्रयासों की सराहना की। कंभमपति ने कहा कि वे भी दिल्ली विधानसभा की तर्ज पर राजभवन में सौर ऊर्जा प्रणाली को अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा को इसके दूरगामी लाभ होंगे। दिल्ली विधानसभा के इन प्रयासों से देश की अन्य विधानसभाएं भी प्रेरित होंगी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरन मांझी ने प्रतिनिधि मंडल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने ओडिशा विधानसभा में डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली के उपयोग और उसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सदन में सदस्य डैशबोर्ड पर स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा विधानसभा के सारी कार्रवाई डैशबोर्ड पर विस्तृत और क्रमबद्ध रूप से आ जाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस तकनीक के उपयोग से किसी प्रकार के कागज के इस्तेमाल की कोई आवश्यकता नहीं होती।
पेपरलेस विधानसभा के क्रियान्वयन में यह तकनीक महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। दिल्ली विधानसभा प्रतिनिधिमंडल अपने तीन दिवसीय अध्ययन दौरे पर ओडिशा विधानसभा द्वारा ई विधान लागू करने के उनके प्रयासों और अनुभवों को जानेगा। यह अध्ययन दौरा दिल्ली विधानसभा द्वारा ई-विधान परियोजना के क्रियान्वयन में लाभकारी सिद्ध होगा।

## हथियार व शराब तस्करी के मामले में तीन को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) ने हथियार तस्करी के मामले में तंसीर अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। वहीं एक अन्य मामले में एएटीएस की टीम ने शराब तस्करी के मामले में 1600 क्वार्टर के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि हथियार तस्करी के मामले में जिले की एएटीएस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ज्योति नगर इलाके में हथियार लेके आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया और बीती देर रात जैसे ही आरोपित आयापुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। वहीं शराब तस्करी के मामले में एएटीएस की टीम न बीती देर रात सोनिया विहार इलाके में पिकेट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आई 20 कार को शक के आधार पर रोका। कार की तलाशी लेने पर 1600 क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।




फिल्म केसरी चैप्टर-2 देखने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी समेत कई दिग्गज पहुंचे।

# मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान पहुंचे दिल्ली हाई कोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश के मामले में मिली जमानत की शर्तों में छूट की मांग की है। हाई कोर्ट इस याचिका पर 21 अप्रैल को सुनवाई करेगा। आज ये मामला जस्टिस रविंद्र डूडेजा की बेंच के समक्ष लिस्टेड था। जस्टिस रविंद्र डूडेजा ने इस मामले को जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच के पास सुनवाई के लिए भेज दिया, क्योंकि जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने ही इस मामले में नदीम खान को जमानत दी थी। इससे पहले, कोर्ट ने 11 दिसंबर 2024 को दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया था कि वो नदीम खान को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं करेगी। सुनवाई के दौरान नदीम खान ने भी जांच में सहयोग करने का भरोसा दिया था। कोर्ट ने नदीम खान को जमानत देते समय कोर्ट की अनुमति के बिना दिल्ली से बाहर जाने पर रोक लगा दिया था। नदीम खान ने अब इस शर्त में बदलाव की मांग की है। दरअसल, दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर के मामले में नदीम खान के खिलाफ साकेत कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। दिल्ली पुलिस ने नदीम खान पर यूट्यूब पर वीडियो डालकर समाज में वैमनस्य फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के मुताबिक अपलोड किए गए वीडियो में एक प्रदर्शनी के दौरान एक स्टाल पर एक व्यक्ति ने एक बैनर की तरफ इशारा करते हुए नदीम, अखलाक, रोहित वेमुला, पहलू खान के बारे में बात की और उसके बाद 2020 के शाहीन बाग प्रदर्शन, दिल्ली दंगे और एक खास समुदाय को शिकार बनाये जाने की बात की। दिल्ली पुलिस के मुताबिक स्टाल एपीसीआर का था और वीडियो में बोल रहा व्यक्ति नदीम खान था।

## डीआरआई ने 7.56 किलोग्राम कोकीन जब्त की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर करीब 75.6 करोड़ रुपये मूल्य की 7.56 किलोग्राम कोकीन जब्त करने के साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण अभियान में विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई ने 14 अप्रैल को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर दुबई से आने वाले एक भारतीय नागरिक को रोका। यात्री के बैगेज की गहन जांच के बाद पांच खाली हैंडबैग यानी पर्स पाए गए। इन पांच बैगों की भीतरी परतों को काटने पर 7.56 किलोग्राम वजन के सफेद पाउडर के 10 पैकेट छिपे पाए गए। राजस्व खुफिया निदेशालय ने इस पाउडर को जांच के लिए भेजा तो कोकीन की पुष्टि हुई। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 75.6 करोड़ रुपये कीमत आंकी गई है। इसके बाद पकड़े गए व्यक्ति को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। डीआरआई तस्करी ऑपरेशन में शामिल किसी भी संभावित नेटवर्क की पहचान करने के लिए आगे की जांच कर रहा है।

# राज्यसभा स्वाति मालीवाल ने कोर्ट में बेल बांड भरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 2016 में नाबालिग रेप पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में राऊज ऐवन्यू कोर्ट में बेल बांड भरा। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले में जांच अधिकारी को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई पर कोर्ट में पेश होने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।
दिल्ली हाई कोर्ट ने 13 फरवरी को इस मामले में स्वाति मालीवाल के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग खारिज कर दी थी। पहले ये मामला तीस हजारी कोर्ट में चल रहा था। स्वाति मालीवाल के संसद सदस्य होने के नाते तीस हजारी कोर्ट ने 18 मार्च को इस मामले का ट्रायल राऊज एवेन्यू कोर्ट में करने के लिए भेज दिया था। इस मामले में 2016 में दिल्ली के बुराड़ी थाने की पुलिस ने स्वाति मालीवाल और भूपेंद्र सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 228ए और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 74 और 86 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में 14 वर्षीया रेप पीड़िता और उसकी मां ने अपहरण और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। 5 जनवरी 2016 को मजिस्ट्रेट के समक्ष अपराध प्रक्रिया संहिता की दारा 164 के तहत पीड़िता ने अपना बयान दर्ज कराया था। मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में पीड़िता का बयान एफआईआर से अलग था। इस आधार पर रेप के आरोपित को 12 जनवरी, 2016 को जमानत मिल गयी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रेप के आरोपित को जमानत मिलने के बाद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि रेप पीड़िता ने डर कर अपना बयान बदल दिया लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्वाति मालीवाल का बयान दिल्ली महिला आयोग के तत्कालीन पब्लिक रिलेशंस अफसर भूपेंद्र सिंह ने व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिये सभी न्यूज चैनल्स में प्रसारित कर दिया। व्हाट्सऐप ग्रुप की सूचना में पीड़िता की पहचान उजागर की गई थी।

## बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो मामले में फैसला 23 को



**आदेश आएगा**

**एडिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला 23 अप्रैल को सुनाने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला फिर टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला 23 अप्रैल को सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने इसके पहले 16 जनवरी, 30 नवंबर, 2024, 27 सितंबर, 2024, 20 मई, 2027, 23 अप्रैल, 2027, 2 मार्च, 2024, 11 जनवरी, 2024 और 25 नवंबर, 2023 को फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने एक अगस्त, 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई, 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को पटियाला हाउस कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल कर बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में भी महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में एक मामला चल रहा है।

# दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने रिश्वत लेते हुए एएसआई को दबोचा



**रंगे हाथों**

**एएसआई सुदेश दो लाख रुपये ले रहा था। मॉडल टाउन थाने के एसएचओ की भी भूमिका सामने आ रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट ने बीती देर रात मॉडल टाउन थाने के एक एएसआई को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। एएसआई सुदेश दो लाख रुपये ले रहा था। इस मामले में मॉडल टाउन थाने के एसएचओ पवन मीणा की भी भूमिका सामने आ रही है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एसएचओ पवन सोमवार को दोपहर बाद परमिशन लेकर छुट्टी पर गए थे। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में रहने वाले दिल्ली पुलिस के 68 वर्षीय रिटायर इंस्पेक्टर अपने घर की मरम्मत करवा रहे थे। मरम्मत कराने की एवज में एएसआई उनसे आठ लाख रुपये की मांग कर रहे थे। एसएचओ ने विशेष डिस्काउंट देते हुए रकम को आधा कर दिया था। इस रकम को एएसआई जब लेने पहुंचा तो विजिलेंस की यूनिट ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।
उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि मामले की जांच जारी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो मॉडल टाउन थाने के एसएचओ पवन मीणा को लाइन हाजिर किया गया है। एसएचओ ने रिटायर्ड इंस्पेक्टर यशपाल से बदतमीजी से भी बात की थी।

**रिटायर्ड इंस्पेक्टर से मांगे थे चार लाख रुपये**

पुलिस के अनुसार रिटायर्ड इंस्पेक्टर यशपाल का महेंद्रू एन्क्लेव में दो सौ गज का मकान है। मकान में सबसे ऊपरी मंजिल पर 140 गज में पहले से निर्माण है। अब शेष छत पर यशपाल निर्माण कार्य/ लैंटर करवा रहे थे। यशपाल द्वारा विजिलेंस यूनिट में की गई शिकायत में आरोप लगाया कि उनके मकान में छत पर मरम्मत/निर्माण कार्य करने की अनुमति के बदले एएसआई सुदेश द्वारा उनसे लगातार चार लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने कुछ निर्माण कार्य शुरू किया, तो एएसआई सुदेश और क्षेत्र के अन्य बीट स्टाफ द्वारा उसे रुकवा दिया गया। चार लाख रुपये मांग की गई, साथ ही धमकी दी गई कि रिश्वत के पैसे की मांग पूरी होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है। अंत में मामला दो लाख रुपये में तय हुआ। वहीं रिटायर्ड इंस्पेक्टर काम रुकवाए जाने के संबंध में अपनी शिकायत लेकर पीड़ित मॉडल टाउन थाने के एसएचओ पवन मीणा से भी मिले थे, लेकिन एसएचओ ने उसे एएसआई सुदेश से मिलने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि एएसआई सुदेश ने उसे 14 अप्रैल को रिश्वत के पैसे के साथ बुलाया। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी उपलब्ध कराई, जिसमें बताया कि रिश्वत की मांग के संबंध में मॉडल टाउन थाने के विभिन्न पुलिस अधिकारियों के साथ उसकी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग है। पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस यूनिट की एक टीम गठित की गई और जाल बिछाया गया। 14 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे एएसआई सुदेश ने शिकायतकर्ता को थाना मॉडल टाउन की पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में बुलाया और फिर से शिकायतकर्ता से पैसे मांगे। बातचीत के बाद उसने शिकायतकर्ता से दो लाख रुपए की रिश्वत राशि ले ली।

# स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता हुई बेहतर: शिक्षा मंत्री

**शिक्षा क्रांति**

**आरटीई के तहत सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को पहली कक्षा के अंदर 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित करना है अनिवार्य**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में और सुधार लाना व विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाना है। इसमें काफी सफलता भी मिल रही है। सरकारी स्कूलों में 30 अप्रैल तक 2024 में जहां पांचवीं कक्षा में 2 लाख 7 हजार 685 बच्चों का दाखिला हुआ था, वहीं 15 अप्रैल तक 2 लाख 4 हजार 163 बच्चों का दाखिला हो चुका है। 30 अप्रैल तक पिछले वर्ष से ज्यादा दाखिले हो जाएंगे। इससे जाहिर है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हुई है और विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार नियम (आरटीई) के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों की वर्दी के पैसे उनके बैंक खातों में अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक डाल दिए जाएंगे। इन्हीं बच्चों को 21 अप्रैल तक मुफ्त किताबें दे दी जाएंगी। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज सिविल सचिवालय में शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आरटीई के तहत हरियाणा में सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में पहली कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य है। अभी तक 70 प्रतिशत स्कूलों ने उज्जवल पोर्टल के माध्यम से बच्चों की सीटें तय की हैं। बाकि के 30 प्रतिशत स्कूलों ने सीटें जल्द तय नहीं की तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। अगर स्कूलों ने शिक्षा विभाग के नियमों की पालना नहीं की तो उनके खिलाफ मान्यता रद करने का भी कदम उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम 2003 के नियम 158 (6) के तहत प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी एक दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, स्कूल वर्दी ख?ीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। इसी तरह से एक्ट 158 (7) के तहत मान्यता प्राप्त स्कूल पांच साल से पहले स्कूल की वर्दी नहीं बदल सकते। अभी तक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर 40 और ई-मेल के माध्यम से 57 शिकायतें की हैं। इन शिकायतों की जांच की जा रही है। अगर स्कूलों की गलती मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हरियाणा एलीमेंट्री एजुकेशन के डायरेक्टर विवेक अग्रवाल और सेकेंडरी एजुकेशन के डायरेक्टर जितेंद्र दहिया मौजूद रहे।

# गांव चौटाला में भारत स्काउट एंड गाइड ने करवाए पूरे भारत के दर्शन: अर्जुन चौटाला




**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि गांव चौटाला में भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर ने पूरे भारत के दर्शन करवा दिए। अर्जुन चौटाला मंगलवार को गांव चौटाला के पीएमश्री स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में पिछले चार दिनों में आयोजित की गई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिताओं में हरियाणा ओवर ऑल प्रथम, ईस्टर्न रेलवे द्वितीय तथा राजस्थान को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर बाहर से आए प्रतिभागियों ने अपने अनुभव सबके साथ सांझे किए। प्रतिभागियों ने चौटाला गांव से मिले प्रेम और सेवा भाव को अविस्मरणीय बताया। स्टेट बीएसजी कमिश्नर आईएएस मनी राम शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया ने सफल आयोजन सभी को बधाई दी। आयोजक विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय एकीकरण के संदेश को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। उन्होंने चौटाला गांव के स्कूलों एवं शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सहयोग की अपील की गई।
कार्यक्रम के नोडल डीओसी डॉ. इंद्रसैन एवं जिला सचिव सुखदेव सिंह ढिल्लों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चौटाला के सभी स्कूलों के स्टाफ व सिरसा स्काउट्स व गाइड टीम की सराहना की। एसटीसी हरियाणा एलएस वर्मा ने सिरसा को तीसरा शिविर आयोजित करने पर बधाई दी और कहा यह सिरसा के लिए एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है ।

## न्यूज फ्लैश

### टूटी सड़कों का 15 जून तक होगा सुधार- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पूरे प्रदेश में आगामी 15 जून तक सभी टूटी हुई सडकों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार प्रदेश की सभी सडकों की हालात के सुधार के लिए रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। चरखी दादरी जिला में ओवरलोड और अवैध खनन के कारण हो रहे नुकसान को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। बैठक में रखे गए कुल 15 परिवादों में से उन्होंने मौके पर ही छः का समाधान कर दिया और चार शिकायत पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पांच शिकायतों को अगली बैठक में सुनवाई के लिए लंबित रखा गया है। उन्होंने सडकों की मरम्मत को लेकर शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार ने निर्णय लिया है कि आगामी 15 जून तक पूरे प्रदेश की सभी टूटी हुई सडकों की मरम्मत करके सुधार किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से टूटी हुई सडकों की रिपोर्ट तैयार करवा ली गई है और उस पर कार्य करने के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने अवैध खनन और वाहनों को लेकर रखी गई शिकायत पर कहा कि ओवरलोड कई इलाकों की समस्या है। इस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन के अलावा विशेष टीम में भी लगाई गई है। ओवरलोड की समस्या का समाधान करने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। फिलहाल जिला में अवैध खनन का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। बिजली विभाग से संबंधित ट्यूबवेल कनेक्शन का स्थान परिवर्तित करने की शिकायत पर कृषि मंत्री ने विभाग को अगले 7 दिन में समाधान के निर्देश दिए।

### इनेलो ने संगठन में किया विस्तार, सूरज देहराज बने एससी सेल के प्रदेश प्रधान महासचिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए सूरज देहराज को अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के राज्य प्रधान महासचिव नियुक्त किया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने प्रदेश में नए सिरे से संगठन में विस्तार किया है, जिसके तहत रोहतक जिले मेयर पद पर चुनाव लड़ चुके सूरज देहराज को एएसी सेल के राज्य प्रधान महासचिव बनाया गया है। सूरज देहराज के राज्य प्रधान महासचिव बनने पर इनेलो कार्यकत्राओं में खुशी का माहौल है। सूरज देहराज ने अपनी नियुक्ति पर इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करेगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश का भी दौरा किया जाएगा लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया भी जाएगा। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ा भी जाएगा। उन्होंने कहा कि इनेलो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो आज प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही है। प्रदेश कार्यकारिणी के नवनियुक्त सदस्य व लीगल सेल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विनोद अहलावत ने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय चौधरी अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने सूरज देहराज जोकि एक जमीन से जुड़े हुए कार्यकत्रा को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह सराहनीय कदम है और इस फैसले से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद कैप्टन इन्द्र सिंह, पूर्व विधायक बलवत मायना, एसी सेल के जिला अध्यक्ष राजबीर वाल्मीकि, दलबीर राणा, सतीश नांदल, डॉ. स्वतंत्र आंनद देशवाल, डॉ. रणबीर हुड्डा, विरेन्द्र नांदल, सुशीला राणा, सुनीता नांदल, नफे सिंह लाहली, शीला खरेटी, रामभगत लाकडा, मास्टर मुख्तयार सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

### जेई पर लगाया 3 हजार रुपए जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर पर 3 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है और शिकायतकर्ता को 3 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए हैं।

# सोनीपत पहुंची साइक्लोथॉन-2.0

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए साइक्लोथॉन-2.0 मंगलवार को सोनीपत जिला में प्रवेश कर गई। जिला से निकलने वाली दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत जिलावासियों द्वारा गरिमामयी ढंग से किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 हिसार से 5 अप्रैल को शुरू की गई साइक्लोथॉन सामाजिक संदेश के साथ पूरे प्रदेश को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि नायब सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही युवा शक्ति को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने में भी अपनी नैतिक जिम्मेवारी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से निभा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से निकलने वाली यह साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने में अहम रहेगी। यह यात्रा प्रदेशभर में लोगों को नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए प्रेरित करते हुए सिरसा में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा और सरकार की सार्थक मुहिम में आहुति डालते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाना होगा।

# मुख्य सचिव ने की छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**समीक्षा**

**पशुपालन और डेयरी, आयुष तथा स्कूल (माध्यमिक) शिक्षा विभागों द्वारा किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इन केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का क्रियान्वयन वर्तमान में सात विभागों-उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण, पशुपालन और डेयरी, आयुष तथा स्कूल (माध्यमिक) शिक्षा विभागों द्वारा किया जा रहा है। बैठक के दौरान, रस्तोगी ने छात्रवृत्तियों के समय पर वितरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी संबंधित विभागों को लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाओं-अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा ओबीसी विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के घटक-' का पूरा उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं स्कूल स्तर पर वंचित समुदायों के विद्यार्थियों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
मुख्य सचिव ने कहा कि उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत किए जाएं ताकि केंद्र सरकार द्वारा धनराशि की शीघ्र प्रतिपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए, उन्होंने निर्देश दिए कि इन छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन से जुड़े सभी संस्थानों, जिला नोडल अधिकारियों और राज्य नोडल अधिकारियों के लिए आधार-आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अनिवार्य किया जाए। रस्तोगी ने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि कोई भी पात्र विद्यार्थी शिक्षा के अवसरों से वंचित न रहे।
उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग इन केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत लाभों का सुचारू और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करें। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बताया कि विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है, ताकि छात्रवृत्तियां कुशलतापूर्वक और बिना किसी अनावश्यक देरी के वितरित की जा सकें।

# शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्तों द्वारा की जाएगी अराजकीय विद्यालयों में चौकिंग

**कार्रवाई**

**निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने के लिए आदेश देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने अराजकीय स्कूलों द्वारा विधयर्थियों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बोर्ड के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार प्रदेशभर में कोई भी अराजकीय विद्यालय विद्यार्थियों के अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता। हरियाणा सरकार द्वारा यह कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की चैकिंग के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगें। बोर्ड द्वारा गठित उड़दस्तों द्वारा चैकिंग के दौरान यदि कोई विद्यालय शिक्षा विभाग व शिक्षा बोर्ड के निदेशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उनके खिलाफ बोर्ड द्वारा सम्बद्धता नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इसे शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन माना जाएगा।

# पानीपत में धोखाधडी कर ट्रैक्टर हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** पानीपत सीआईए टू पुलिस ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवन उर्फ विजय निवासी सरसाढ़ सोनीपत हाल मॉडल टाउन के रूप में हुई। पूछताछ में पवन ने पुलिस को बताया वह कपड़े के वेस्ट का काम करता था। मच्छरौली निवासी सुमित से साथ उसकी जान पहचान हो गई थी। काम सही से नहीं चला तो आरोपी पर काफी कर्जा हो गया। झांसा देकर अपने जाल में फंसाया।

# मोदी ने हरियाणा को दी विकास की ऐतिहासिक सौगातें: श्याम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विकास की ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने यमुनानगर और हिसार में कई बड़ी परियोजनाओं की नींव रखकर प्रदेश की विकास यात्रा को नई रफ्तार दी। मोदी जी का यह दौरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। कृषि मंत्री राणा ने कहा कि यमुनानगर में पंचवटी योजना और सिंचाई से जुड़े कार्य हों या हिसार में एम्स जैसी बड़ी स्वास्थ्य परियोजना—ये सब योजनाएं प्रधानमंत्री के हरियाणा के प्रति विशेष लगाव और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा, यह केवल योजनाओं का एलान नहीं, बल्कि हरियाणा को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का रोडमैप है, जिसका हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने राज्य के लोगों, विशेष रूप से किसानों और मजदूरों का धन्यवाद किया, जिन्होंने फसल कटाई के मौसम में समय निकालकर रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सुना। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बहुत उत्साहित थे। कृषि मंत्री ने विशेष तौर पर उन हजारों लोगों, कार्यकताओं और किसानों का भी आभार जताया, जो चिलचिलाती गर्मी और फसल कटाई के व्यस्त समय के बावजूद भारी संख्या में दोनों रैलियों में पहुंचे।
उन्होंने कहा, यह नजारा दिखाता है कि जनता सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि देश के विकास की सहभागी बन चुकी है। मोदी जी के नेतृत्व में जो भरोसा और आशा जगी है, उसे हरियाणा की जनता ने अपने उत्साह से साबित कर दिया।

# मोदी ने अंबेडकर जयंती पर यमुनानगर व हिसार को दी विकास की ऐतिहासिक सौगात: कृष्ण लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने यमुनानगर और हिसार में कई बड़ी परियोजनाओं की नींव रखकर प्रदेश को एक कदम ओर आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मोदी जी का यह दौरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक रहा है। पंचायत मंत्री ने कहा कि यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, पंचवटी योजना और सिंचाई से जुड़े कार्य हों या हिसार में एयरपोर्ट व एम्स जैसी बड़ी परियोजनाएं हों, ये सब योजनाएं प्रधानमंत्री के हरियाणा के प्रति विशेष लगाव और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा यह केवल योजनाओं का एलान नहीं, बल्कि हरियाणा को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का रोडमैप है, जिसका हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति, इन चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए ट्रिपल इंजन सरकार निरंतर काम कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से हरियाणा जरूर विकसित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बहुत उत्साहित थे। यह जनता का सच्चा समर्थन था जिन्होंने प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे को सफल बनाया। उन्होंने कहा यह नजारा दिखाता है कि जनता सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि देश के विकास की सहभागी बन चुकी है।
मोदी जी के नेतृत्व में जो भरोसा और आशा जगी है, उसे हरियाणा की जनता ने अपने उत्साह से साबित कर दिया। पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा पूर्ण सहभागिता निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कैथल जिले में अब तक हुई दो लाख पांच हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** कैथल जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल दो लाख पांच हजार 580 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 84 हजार 427 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 85 हजार 562 हैफेड द्वारा तथा 35 हजार 591 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपोर्रेशन द्वारा खरीदा गया है। जिला उपायुक्त प्रीति ने मंगलवार को बताया कि अगोंध मंडी में 1763 मीट्रिक टन, अरनोली में मंडी में 3213 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 6055 मीट्रिक टन, बड़सिकरी खुर्द में 677 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 1254 मीट्रिक टन, बालू में 1694 मीट्रिक टन, बरटा में 1599 मीट्रिक टन, बाउपुर मंडी में 679 मीट्रिक टन, भागल में 3944, भूसला मंडी में 3349 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 50 हजार 966 मीट्रिक टन, डीग में 834 मीट्रिक टन, फर्शमाजरा में 1520 मीट्रिक टन, गोहरां में 2177 मीट्रिक टन, गुहणा में 452 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 2846 मीट्रिक टन, जाखौली मंडी में 1665 मीट्रिक टन, कैलरम में 1210 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 4145 मीट्रिक टन, कैथल नई अनाज मंडी में 25 हजार 589 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 20 हजार 839 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 6983 मीट्रिक टन, कमेहड़ी अनाज मंडी में 607 मीट्रिक टन, कांगथली में 3867 मीट्रिक टन, करोड़ा में 3130 मीट्रिक टन, क्योडक में 2116 मीट्रिक टन, किठाना में में 930 मीट्रिक टन, सीवन में 6649 मीट्रिक टन तथा सोलूमाजरा में 1012 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई।

# बड़ौली, धनखड़ ने समझाया अंबेडकर के बनाएं संविधान का महत्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। संविधान निर्माता, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत मंगलवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्य ने बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को साझा किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को समर्पण, संघर्ष और सामाजिक सद्भाव का




प्रतीक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने ही सही मायने में बाबा साहेब का सम्मान किया है।
एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के छह नेशनल कार्यक्रम हैं जिसके तहत बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती देश भर मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा भारत का कोई भी ऐसा राजनीतिक दल नहीं है जिसके राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों में अंबेडकर जी की जयंती मनाई जाती हो। इसका मतलब साफ है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए बाबा साहेब अंबेडकर विश्वास का केंद्र है इवेंट नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, पार्टी का स्थापना दिवस बूथों पर मनाती है उसी प्रकार से बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। लाल सिंह आर्य ने कहा कि 13 अप्रैल को पूरे भारत में जहां भी बाबा साहेब के स्टेच्यू हैं वहां पर भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम किए। उन्होंने कहा कि 14 हजार 619 जगहों पर दीपोत्सव और स्वच्छता अभियान चला जिसे सरल पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है। आर्य ने कहा कि 4 लाख 20 हजार 500 लोगों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और 4 लाख 66 हजार 754 लोगों ने - दीपोत्सव में भाग लिया। आर्य ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब का जन्मोत्सव 47 हजार 850 स्थानों पर देश भर में मनाया है। लाल सिंह आर्य ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 1984 में कांग्रेस पार्टी ने षड़यंत्र के तहत सिखों की हत्या करवाई और उनकी दुकानें व घर जलाने का काम किया। कांग्रेस की तर्ज पर ही अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और टीएमसी के गुंडे वक्फ कानून के विरोध में आगजनी करा रहे हैं जोकि ठीक नहीं है।

**कार्यशाला**

**रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**

# हरविंद्र कल्याण ने एसआरएम यूनिवर्सिटी में अंबेडकर जयंती समारोह का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई-सोनीपत। राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित** एसआरएम यूनिवर्सिटी में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बधाई दी। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने डा. बीआर अंबेडकर को नमन करते हुए उनके द्वारा प्रदत्त संविधान की अनुपालना का संदेश दिया।
हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में पहुंचने पर डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सदैव डा. अंबेडकर के ऋणी रहेंगे। बाबा साहब ने हमें विश्व का सबसे महान संविधान प्रदान किया है, जिस पर चलते हुए विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संविधान के अनुसार ही देश-प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। सबका विकास सबका विकास की भावना को आत्मसात कर विकास सुनिश्चित किया गया है।
राई की विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता की जयंती समारोह में शामिल होना सौभाग्य की बात है। हम सबका दायित्व बनता है कि हम संविधान की ईमानदारी से अनुपालना करते हुए देश के प्रगति मार्ग में सहभागी बनें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं इस दिशा में समर्पित भाव से अग्रसर हैं, जिससे चहुंओर खुशहाली की लहर दौड़ रही है। बाबा साहब ने शिक्षा का संदेश दिया, जिसे अपनाते हुए सरकार ने अनुकरणीय कदम उठाये हैं। हरियाणा में प्रत्येक बीस किलोमीटर में कालेज स्थापित किया गया है। बेटियों की उच्चतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहतरीन कदम उठाये गये हैं।



**सहभागी**

**हमें उनकी शिक्षाओं और आदर्शों का अनुसरण करते हुए सभ्य समाज के साथ देश के नव निर्माण में सहभागी बनना चाहिए**

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब डा. अंबेडकर महान समाज सुधारक रहे हैं, जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने महात्मा फूले के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी शिक्षा की वकालत की। उनके सराहनीय प्रयासों की बदौलत शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाया गया। शिक्षा के बिना किसी भी व्यक्ति अथवा समाज का कल्याण संभव नहीं है। इस बात को गंभीरता से समझने वाले डा. अंबेडकर ने शिक्षा से वंचित समाज में शिक्षा की लौ जगाई। हमें उनकी शिक्षाओं और आदर्शों का अनुसरण करते हुए सभ्य समाज के साथ देश के नव निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।
कार्यक्रम में विशिष्टद्द अतिथि के रूप में शामिल हुए सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता ने हर व्यक्ति के कल्याण पर बल दिया। उनके दिखाये मार्ग पर ही भाजपा सरकार आगे बढ़ रही है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए अनुकरणीय योजनाएं लागू की जा रही हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति परमजीत जायसवाल और रजिस्ट्रार वी. शमूएल राज ने आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# महाराणा प्रताप ने सम्पूर्ण हिंदू राष्ट्र की अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए किया संघर्ष : योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। विधायक योगेंद्र** राणा द्वारा आगामी 9 मई को जिले के गांव सालवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए घरौंडा हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को सादर आमंत्रित किया गया। इस क्रम में उन्होंने बीजना, स्टौंडी, ददलाना, गढ़ी मुल्तान, घरौंडा, अराईपुरा, कालरों, कैरवाली, अमृतपुर खुर्द, अमृतपुर कलां व ऊंचा समाना गांवों में पहुंचकर वहां के सम्मानित नागरिकों, बुजुर्गों और युवाओं से मुलाकात कर सभी को इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन बलिदान, साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है। हल्दी घाटी का युद्ध उनकी राष्ट्रभक्ति और आत्मगौरव का ऐसा अध्याय है, जो युगों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने केवल राजपूत समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिंदू राष्ट्र की अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनकी सेना में सभी वर्गों के लोग शामिल थे। चाहे वह भील समाज हो, ब्राह्मण, वैश्य या अन्य समुदाय उन्होंने सभी को साथ लेकर मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध वीरता से युद्ध किया।
विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि पधारेंगे और महाराणा प्रताप जी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि वे 9 मई को गांव सालवन में आयोजित वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह में सपरिवार उपस्थित रहें।
इस अवसर पर करनाल राजपूत सभा के अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंदर राणा, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, जिला पार्षद गुरदीप बीजना, गांव सालवन सरपंच जयबीर फौजी, हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान बीजना, निशांत राणा, परवीन मुनक, अक्षय राणा, मोहर सिंह राणा, परमजीत स्टौंडी, महक सिंह सरपंच अनिरुद्ध सालवन और उपरोक्त सभी गांवों के मौजूदा सरपंच उपस्थित रहे।



# श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का अखण्ड पाठ का आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गुरू नानक खालसा कॉलेज में समूह विद्यार्थियों की तरफ से श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का अखण्ड पाठ का सुन्दर, भव्य तथा धार्मिक आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस के कुशल मार्गदर्शन में अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें समूह छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ तथा आसपास से आए विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। सर्वप्रथम कॉलेज की प्राचार्या प्रोण शशि मदान के साथ स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने कॉलेज स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। इस अवसर पर समस्त कॉलेज प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया गया और विद्यार्थियों ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए एक सफल आयोजन किया। इस पावन अवसर पर बाबा भाई गुलाब सिंह जी चमकौर साहिब वाले ने गुरबाणी का कीर्तन, भजन एवं कथा वाचन से साध संगत को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कीर्तन करते हुए गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व में ऐसी कुर्बानियां कहीं और नहीं है। उनके शब्दों में लखा सिर वार देया अपणे प्यारे तो तना जेड़ा लखा विच दिसे दा-यारा ऐसा मैं सजाऊं खालसा गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 1699 में गुरु गोबिन्द सिंह महाराज ने आनन्दपुर साहिब में खालसा पंथ सजाया और विश्व में हमें अलग पहचान दी। उदासीन अखाड़ा मांडी साहब से आई बीबी हरमीत कौर ने कहा कि अगर आप किसी का अच्छा करते हैं तो वो रब देखता है। उन्होंने बताया कि वो भी इसी गुरु नानक खालसा कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर के गुरबाणी का प्रसार कर रही है। उन्होंने कहा कि ये एक पवित्र संस्थान है, जहां सभी धर्मो के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**गन्नौर । भारतीय संविधान** चेतना मंच गन्नौर के संयोजन में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वां जन्मोत्सव डॉ. बी.आर.अंबेडकर चौपाल, गन्नौर में मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में अनुयायी शामिल हुए और काफी संख्या में आकर्षक झांकियां निकाली गई। जुलूस का मुख्य आकर्षण बौद्धगया विहार की झांकी थी। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। डॉ. जावेद खान और मोहम्मद अली मोहम्मद अल फलाही की अगुवाई में काफी स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी अंकिता मल्होत्रा, डॉ. कुकरेजा और एमसी अजय सरोहा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पर शोभा यात्रा का मुख्य पड़ाव था। मॉडर्न संस्कृति स्कूल के पास भारतीय संविधान चौक पर बाबा साहब के सम्मान में नारे लगाए। इस अवसर पर सरला फुलिया, आशा राठी, पिंकी सरोहा, प्रभा मदान, बबीता किल्सन, भारतीय संविधान चेतना मंच के संयोजक एस.पी.किल्सन, अनिल फुलिया, रामदास सरोहा, उप जिला अटॉर्नी श्री बलदेव इंदल, डॉ. धीरज राणा, एमसी टिंकू प्रधान, रोहतास कटारिया, प्रवीण बोहला, राजेश बोहला, हनी रोझा, नरेंद्र मेहरा, प्रिंस, सुमित, प्रवीण छोकर, मनोज राठी, ऋषि राज चौहान, डॉ. ओम सिंह, राजेश बिबियान और रवि रोझा आदि मौजूद रहे।



**शोभा यात्रा**

**एमसी अजय सरोहा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पर शोभा यात्रा का मुख्य पड़ाव था**

# अतिरिक्त संयुक्त निदेशक ने उद्योगपतियों की समस्याएं सुनी

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में जिला उद्योग केंद्र से अतिरिक्त संयुक्त निदेशक हितेंद्र कादियान ने शिरकत की।
एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने हितेंद्र कादियान का बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक के दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रमुख मांगों में दमकल केंद्र में दमकल गाड़ियों की संख्या बढ़ाने, भविष्य में बिजली की अनियमित कटौती को रोकने और औद्योगिक क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट में अधिक से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने की मांग की गई। हितेंद्र कादियान ने आश्वासन दिया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की इन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि उद्योगों को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके और पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। बैठक में जिला उद्योग केंद्र से मंजीत दहिया, कुंवरजीत सिंह के अलावा एसोसिएशन के सदस्य निशांत गोयल, हरीश शर्मा, बलकेश कौशिक, मनोज जैन और अशोक आंतिल भी उपस्थित रहे।

# गायत्री विद्यापीठ स्कूल में हवन यज्ञ का किया आयोजन

**गन्नौर । गायत्री** विद्यापीठ नगरपालिका रोड बसंत विहार में बैसाखी उत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालय के अध्यापक व सभी बच्चों ने मिलकर हवन यज्ञ किया। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कौशिक, प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि हवन हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। प्राचीन समय में ऋषि मुनि हवन के माध्यम से ही जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान कर देते थे । हवन न केवल संस्कृति का परिचायक है बल्कि हवन के पीछे एक बहुत बड़ा विज्ञान भी है । हवन करने से पर्यावरण में उपस्थित हानिकारक कीटाणुओं का नाश होता है और सकारात्मक व शक्ति वर्धक ऊर्जा का विकास होता है। बच्चों से दोनों विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए और बच्चों ने उनका उत्तर बहुत ही सजगता से उत्तर दिया।



# विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने ली निगम के इंजीनियरिंग विंग की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को करनाल नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की और अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। बैठक के उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में अधिकारी काम के प्रति सजग हो जाएं। आज की बैठक में नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों से शहर में निगम के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट ली गई और आगामी विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद एक्सईएन विकास कार्यों की डीपीआर लेकर पहुंचे। विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने डीपीआर चैक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें शहर के विभिन्न पार्कोंए गलियों से जुड़े विकास कार्य प्रमुख रहे।



**तेज गति से होंगे विकास कार्य**
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के लोकसभा सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं। उनकी सरकार ने पहले भी बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी तेज गति से बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य होंगे। शहरवासियों की जो भी वाजिब मांग हैए उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंए जो अधिकारी लापरवाही बरतेंगेए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शहर के सौंदर्यकरण पर रखा जाएगा फोकस**
मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि उन्होंने पदभार संभालते ही अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि जनता की कतई अनदेखी न की जाए।
नगर निगम करनाल के जो भी कार्यए आमजन से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसके साथ.साथ जो रूटीन के कार्य हैंए उन्हें भी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि उनका फोकस नगर निगम से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं के साथ.साथ शहर के सौंदर्यकरण पर फोकस करना भी है।
बैठक में बीजेपी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बृज भूषण गुप्ता, नगर निगम करनाल के एक्सईएन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सांख्यिकीय तकनीकों व डाटा संग्रहण की कार्यप्रणाली से अवगत हुए प्रतिभागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान हेतु शोध पद्धति पाठ्यक्रम के सातवें और आठवें दिन प्रतिभागियों ने डाटा संग्रहण विधियों और उन्नत सांख्यिकीय विश्लेषण पर केंद्रित प्रशिक्षण लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सामाजिक विज्ञान में डेटा-आधारित अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के सातवें दिन हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग की डॉ. रीमा गिल ने साक्षात्कार तकनीकों पर केंद्रित सत्र का संचालन किया। उन्होंने गुणात्मक डाटा संग्रहण की व्यावहारिक विधियों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में मनोविज्ञान विभाग के प्रो. संदीप कुमार ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने प्रारंभिक डेटा प्रोसेसिंग, डेटा क्लिनिंग और तैयारी के साथ-साथ वर्णनात्मक एवं अनुमानात्मक सांख्यिकी के बुनियादी सिद्धांतों और अनुप्रयोगों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के आठवें दिन की शुरूआत में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नई दिल्ली की प्रो. रितु शर्मा ने वेरिएंस व कोवेरिएंस विश्लेषण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. शर्मा ने विपणन अनुसंधान में प्रयुक्त कॉन्जॉइंट एनालिसिस से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसी क्रम में हकेवि के मनोविज्ञान विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार ने मल्टीपल डिस्क्रिमिनेंट एनालिसिस, फैक्टर एनालिसिस और कन्फर्मेटरी फैक्टर एनालिसिस (सीएफए) जैसे परिष्कृत मात्रात्मक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। इस पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया एवं पाठ्यक्रम सह-निदेशक प्रो. पायल कंवर चंदेल ने कहा कि यह कार्यशाला युवा शोधकताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण सामाजिक विज्ञान अनुसंधान करने हेतु आवश्यक पद्धतिगत उपकरणों को जानने-समझने में मददगार साबित होगी।



# सेना भर्ती में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजपुर के विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। अग्निपथ योजना** व रेगुलर एंट्री के तहत सेना में भर्ती होने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दिया। सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए युवाओं को जागरूक करने और उनका पंजीकरण करवाने के लिए सेना भर्ती कार्यालय के रोहतक केन्द्र से एआरओ नरेन्द्र कुमार स्कूल में पहुंचे। एआरओ ने बताया कि सेना में होना गर्व बात है। यह अवसर हर किसी को नहीं मिलता इसलिए किसी भी युवा को गवाना चाहिए। उन्होंने कहाँ हमारे यह मौका नही जवान दिन रात सीमा पर ड्यूटी कर हमारी व देश की रक्षा करते है। उन्होंने युवाओं से कहा कि इस अवसर का लाभ उठाएं। नरेन्द्र कुमार ने बताया कि अग्निपर योजना व रेगुलर एंट्री के तहत इच्छुक उम्मीद?वार सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अग्निपथ योजना के तहत जिले के युवक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक व स्टोर कीपर तकनीकी अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए आवेदन कर सकते हैं।



# प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन में भागीदारी का लिया संकल्प

**गन्नौर । बहुउद्देशीय** स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को उपमंडल अस्पताल केंद्र गन्नौर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप दहिया ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव राजकुमार नैय्यर द्वारा किया गया। बैठक में आगामी प्रदेश स्तरीय त्रिवार्षिक सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें ब्लाक गन्नौर ने सौ प्रतिशत भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक में ब्लाक गन्नौर द्वारा आनंद राणा के नाम का प्रस्ताव जिला कार्यकारिणी में आडिटर पद के लिए रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

# साइक्लोथॉन यात्रा कल गांव कुताना में करेगी प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** यश जालुका ने साइक्लोथॉन यात्रा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को अधिकारियों की टीम के साथ जिला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया और आवश्यक प्रबंधों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा के दौरान सभी इवेंट पॉइंटों पर पीने के पानी व रिफ्रेशमेंट की उचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सभी कार्यक्रम स्थलों की भव्य ढंग से साज-सज्जा की जाए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में स्थानीय युवाओं तथा अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना टैगलाइन के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन यात्रा 17 अप्रैल को प्रातः 8 बजे करनाल जिला के असंध हलके के गांव कुताना में प्रवेश करेगी। यात्रा का असंध के विधायक योगेंद्र राणा व ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यह यात्रा गांव मूनक, गगसीना, स्टौंडी, घोघड़ीपुर से होते हुए 17 अप्रैल को ही सांय के समय करनाल शहर में प्रवेश करेगी और हांसी चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में नशा मुक्त हरियाणा थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और यात्रा का स्वागत करेंगे।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 18 अप्रैल को प्रातः 6 बजे एनडीआरआई चौक से हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि एक साइकिल यात्रा-नशा मुक्ति के नाम नारे के साथ यात्रा को झंडी दिखाकर यमुनानगर के लिए रवाना करेंगे। इस मौके पर एनडीआरआई चौक पर ही आयुष विभाग की ओर से योगासन का अभ्यास करवाया जाएगा।



## संपादकीय

# प्राइवेट सिस्टम का खेलः आम आदमी की जेब पर हमला

**भारत** में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार आज निजी संस्थानों के लिए मुनाफे का जरिया बन चुके हैं। प्राइवेट स्कूल सुविधाओं की आड़ में अभिभावकों से मनमाने शुल्क वसूलते हैं। ड्रेस, किताबें, यूनिफॉर्म, कोचिंग...सब कुछ महँगा और अनिवार्य बना दिया गयाहै। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल डर और भ्रम का माहौल बनाकर मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर महंगी जांच, दवाइयाँ और भर्ती का दबाव बनाया जाता है। इन संस्थानों के पीछे कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण है, जिस कारण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। सबसे अधिक संकट में मध्यम वर्ग पर है, जिसे न सरकारी सेवाओं पर भरोसा है, न प्राइवेट सिस्टम से राहत। यह एक चेतावनी है कि यदि जनता ने अब भी आवाज नहीं उठाई तो शिक्षा और स्वास्थ्य सिर्फ विशेषाधिकार बनकर रह जाएंगे। भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले ले तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। शिक्षा या व्यापार प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस आदि। हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी अधिकृत वेंडर से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाजार दर से दोगुना होता है, क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे अनिवार्य बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है। दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क और फिर ट्यूशन। ऐसे में बच्चे के लिए खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है 99% लाओ। जब ये नंबर नहीं आते तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है। स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का कामअब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा कमाई पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही पर्ची कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ, आईसीयू और एडवांस पेमेंट की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं, मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है।

# बदलते मौसम, टूटती औरतें, सूखे खेत, खाली रसोई

– प्रियंका सौरभ

> “ भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं, लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है झ तो सबसे पहले और सबसे ज्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है, बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज. का एक और फेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023–24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर–कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33% की गिरावट आई ”

2025 बीजिंग इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन भारत की ग्रामीण महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित कर रहा है। सीमित संसाधनों, पारंपरिक सामाजिक भूमिकाओं और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों के चलते वे जलवायु जोखिमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। गर्मी, सूखा, और चरम मौसम उनके प्रजनन स्वास्थ्य, कृषि आधारित आजीविका, और नौकरी के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। आदिवासी और दलित महिलाओं को जाति आधारित बहिष्कार के कारण दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि प्रभावी जलवायु अनुकूलन के लिए लैंगिक-उत्तरदायी नीतियों, लिंग-विभाजित डेटा संग्रह, स्वास्थ्य अवसंरचना के सशक्तीकरण, और महिला नेतृत्व वाले स्थानीय निर्णय तंत्रों की आवश्यकता है। महिलाओं को न केवल पीड़ित के रूप में, बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में भी पहचाना जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में लैंगिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना न केवल सामाजिक न्याय को मजबूत करता है, बल्कि एसडीजी-13 (जलवायु कार्रवाई) और एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) के लक्ष्यों को भी साधता है। जब हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है। परंतु इसके मानवीय चेहरे झ विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों झ को अक्सर भुला दिया जाता है। 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई "जेंडर न्यूट्रल" आपदा नहीं है। इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं। भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले से ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता है झ कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के जहरीले मिलन के रूप में। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है, बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही सीमित



हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं। यह केवल एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके शरीर से जुड़ी स्वायत्तता और गरिमा पर एक हमला है। बांझपन, जटिल प्रसव, और गर्भधारण में कठिनाइयाँ अब सामान्य सी समस्याएं बनती जा रही हैं झ और इनके पीछे जलवायु से जुड़ी असुरक्षा की स्पष्ट छाया है।

भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं, लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है झ तो सबसे पहले और सबसे ज्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है, बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज.का एक और फेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33% की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोच झ ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं। जब परिवार के पास सीमित संसाधन होते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की पढ़ाई पर कैंची चलती है। उन्हें स्कूल से निकाल कर घरेलू काम में झोंक दिया जाता है, या जल्दी शादी के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षा की यह टूटती श्रृंखला, उनके जीवन भर के अवसरों को सीमित कर देती है। विशेष रूप से आदिवासी और दलित महिलाएं झ जिन्हें पहले से ही सामाजिक हाशिए पर रखा गया है झ जलवायु आपदाओं के समय सबसे ज्यादा उपेक्षा का शिकार होती हैं। 2020 के चक्रवात अम्फान के दौरान, सुंदरबन क्षेत्र की दलित महिलाओं ने बताया कि राहत केंद्रों से उन्हें बाहर रखा गया, और आश्रय निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जलवायु संकट के समय सामाजिक भेदभाव और भी तीखा हो जाता है।

बीजिंग इंडिया रिपोर्ट इस संकट को केवल उजागर नहीं करती, बल्कि इससे निपटने के स्पष्ट रास्ते भी सुझाती है झ जिनमें सबसे अहम है लैंगिक संवेदनशीलता को जलवायु रणनीति के केंद्र में लाना। राज्य स्तरीय जलवायु योजनाओं में महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों को शामिल किया जाना चाहिए। ओडिशा जैसे राज्यों ने अपनी जलवायु रणनीतियों में लिंग संकेतकों को शामिल करना शुरू किया है, लेकिन जरूरत है कि यह पहल हर राज्य में दोहराई जाए। गांव, जाति और आर्थिक स्थिति के अनुसार लिंग-आधारित डेटा संग्रह आवश्यक है ताकि नीतियाँ धरातल पर असरदार साबित हो सकें। पंचायत स्तर पर लिंग घटक के साथ जलवायु भेद्यता सूचकांक बनाना एक प्रभावशाली कदम हो सकता है। स्वयं सहायता समूहों और महिला सहकारी समितियों को जलवायु-लचीले कृषि, हरित नौकरियों, नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके मजबूत किया जा सकता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर संसाधनों से लैस करना, विशेषकर प्रजनन और मातृ देखभाल के लिए, अत्यावश्यक है झ खासकर उन इलाकों में जो जलवायु संकट से प्रभावित हैं। गुजरात में महिलाओं द्वारा संचालित जल समितियों ने यह सिद्ध किया है कि जब महिलाएं नीति निर्माण और संसाधन प्रबंधन का हिस्सा बनती हैं, तो समाधान अधिक टिकाऊ और संवेदनशील होते हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन, वन अधिकार समितियों और जल प्रबंधन में महिला भागीदारी को अनिवार्य किया जाना चाहिए। (राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना) के अंतर्गत चल रहे मिशनों झ जैसे उजाला योजना, पीएमयूवाई आदि झ को महिला केंद्रित दृष्टिकोण के साथ पुनः परिभाषित किया जाए। जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में इन योजनाओं के विस्तार से न केवल स्वास्थ्य और आजीविका सुदृढ़ होगी, बल्कि लैंगिक न्याय को भी बल मिलेगा। ग्रामीण महिलाएं केवल जलवायु परिवर्तन की पीड़िता नहीं हैं

वे बदलाव की वाहक भी बन सकती हैं। लेकिन इसके लिए जरूरत है कि हम उन्हें केवल सहायता की पात्र न मानें, बल्कि साझेदार के रूप में देखें। बीजिंग रिपोर्ट का यही संदेश है झ कि अगर हमें जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटना है, तो जेंडर और क्लाइमेट को एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक साथ समझना होगा। एक महिला जब सूखते हुए तालाब की मिट्टी से अपने बच्चे के लिए पीने का पानी खुरचती है, वह सिर्फ मातृत्व नहीं, बल्कि जलवायु संकट की सबसे त्रासद छवि बन जाती है। अब वक्त है कि नीति, विज्ञान और समाज झ तीनों मिलकर उसकी आवाज को गंभीरता से सुनें।

## कविता

### सीखो गिलहरी-तोते से

पेड़ की डाली पर बैठे,
गिलहरी और तोते।
न जात पूछी, न मजहब देखा,
बस मिलकर चुग ली रोटियाँ छोटे।

न तर्क चले, न वाद हुआ,
न मन में कोई दीवार थी।
एक थाली में बँटी मोहब्बत,
जहाँ बस भूख ही सरकार थी।

और हम, नाम के इंसान,
द्वेष के रंग चढ़ाए फिरते हैं।
सगे भी सगों से कटते हैं,
अपनेपन को दरकिनार करते हैं।

भाई-भाई में खाई क्यों?
क्यों मन में जहर उगाते हो?
सीखो उन परिंदों से,
जो बिना शोर के प्रेम निभाते हो।

धरती सबकी, अन्न सबका,
हवा न किसी की जागीर है।
प्रकृति पुकारे हर साँझ-सवेरे,
"जो बाँटे वही गंभीर है।"

कब सीखोगे इंसान बनना,
गिलहरी और तोते से?
कब छोड़ोगे नफरत की आदत,
चलो कुछ लज्जा लो खुद से।

-डॉ सत्यवान

## विनम्रता निर्बलता नहीं सफलता की प्रशस्ति का मार्ग

**संजीव**

**जीवन** में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी'

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है।

## विचार

# रेलगाड़ी ने मानव जीवन में रफ्तार को शामिल किया

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**जब** रेलगाड़ी का आने जाने के लिये मुख्य साधन थे। विशिष्ट और धनी वर्गों में मोटर गाड़ी का भी प्रचलन था पर अधिसंख्य सर्व साधारण वर्ग के लिये ये वाहन उनकी पहुंच से बाहर ही थे। रेलगाड़ी के आविर्भाव ने ही आम मनुष्य को तेज रफ्तार और भागती जिन्दगी का उपहार दिया। रेलगाड़ी के आने से सामान्य जन जीवन में क्रांति सी आ गई मनुष्य के जीवन का ऐसा कोई भी पक्ष नहीं हैं जिससे रेलगाड़ी ने प्रभावित न किया हो। जहां इसके पहले मनुष्य को कहीं आने जाने के लिए कई दिन, और तो और महिनों लग जाते थे, वहीं रेलगाड़ी जैसे वाहन के आने से सामान्य आवागमन में बहुत तेजी आ गई दिन और महिने के सफर घण्टों और मिनटों में तय होने लगे।

यह रेलगाड़ी की ही तो करामात है कि आज टनों भारी और आवश्यक समान शीघ्र ही आवश्यकतानुसार स्थान पर पहुंचा दिये जाते हैं। उद्योग व्यापार को भी रेलगाड़ी ने ही फलने फूलने के बेहतर अवसर प्रदान किये हैं। रेलगाड़ी जैसी महानतम अविष्कार को मूर्तरुप में इंग्लैंड के एक वैज्ञानिक जार्ज स्टीफन (जेम्सवॉट) ने 18 वीं सदी में किया था। एक प्रयोग के दौरान उन्होंने जब भाप के रेल दबाव की शक्ति को देखा तभी उनके दिमाग में बिजली सी कौंध गयी थी। तब उन्होंने भाप कीअपरिमित शक्ति को उसी दिन पहचान लिया। और बस उसी दिन से वे रेलगाड़ी के अविस्कार के युगांतकारी प्रयास में लग गये, और अंततः उनका भागीरथी प्रयास एक दिन रंग लाया। जब उन्होंने कुछ दूर तक सफलतापूर्वक रेलगाड़ी जो भाप से चलती थी, उसको सार्वजनिक रूप से चलाकर दिखाया। तब इसे स्टीम इंजन से चलाया गया था।

प्रारंभिक काल में रेल के इंजन में कई खामियां थी, जिसे धीरे धीरे दूर कर लिया गया। आज अत्याधुनिक दौरे में पांच सौ किलोमीटर से भी ज्यादा रफ्तार में रेलें दौड़ रही हैं। भाप का कोयले के द्वारा चलने वाला रेल इंजन तो अब संग्रहालय में रखने की चीज हो गई हैं। वे अब दिखाई ही नहीं देते अब तो डीजल और इलेक्ट्रानिक शक्ति से चलित शक्तिशाली रेल इंजनें दुनिया भर में दौड़ रही है। भारतीय रेल का इतिहास 16 अप्रैल सन 1853 से प्रारंभ होता है। देश में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को मुंबई के बौरी बंदर स्टेशन से जो कि अब छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के नाम से से है, और थाने के बीच चलाई गई थी। इस ट्रेन में लगभग 400 यात्रियों ने उसे समय सफर किया था। पहली ट्रेन ने लगभग 34 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर सफर तय किया था। भारत में उस समय ट्रेन की शुरूआत देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। उस ट्रेन में कुल 14 बोगी लगे हुए थे, जिसमें तीन शामिल बोगी का नाम सिंध, मुल्तान और साहिब रखे गए थे । इस सफर को तय करने में कुल 1 घंटे 15 मिनट लगे थे। इस ट्रेन का निर्माण मध्य रेलवे के ग्रेट इंडियन पेनिनसुलर रेलवे ने किया था । यह तो था भारत में रेल के शुरूआत की कहानी। अब तो रेलवे इतना आगे बढ़ गया है कि जर्मनी, फ्रांस और जापान में तो स्पर्धा सी चल रही है कि किस देश में सबसे तेज रेलगाड़ी (ट्रेन) चले। भारत में भी काफी तेज रेलगाड़ियां हो गई है। सारे देश में रेलवे लाइनों का जाल सा बिछ गया है। जो देश की तरक्की की निशानियां हैं। भारत के लिये ये ट्रेनें एक प्रकार से आधुनिक कामधेनु है जो देश की संपन्नता को बढ़ाने में उत्तरोत्तर सहायक सिद्ध हो रही हैं। जेम्सवाट ने जब इसकी कल्पना की होगी तो उसने उस वक्त इसके चमत्कारिक और क्रांतिकारी उपयोगिता की कल्पना भी न की होगी। ठीक उसी प्रकार जार्ज स्टीफन जब सन् 1825 में दुनिया के सबसे पहले रेल को जब जन्म (अविष्कार) दे रहा होगा तो उसे भी पता नहीं रहा होगा कि उसके हाथों से भविष्य में दुनिया का कायापलट होने जा रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात रेलवे में ज्यादा ध्यान दिया गया। भारत में ही एशिया का सबसे बड़ा रेलइंजन बनाने का कारखाना चितरंजन में स्थापित है। वहीं डीजल इंजन बनाने का एक वृहद कारखाना बनारस में स्थापित है जिसे डीजल लोकोमोविट वर्कशाप के नाम से जाना जाता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# धूमिल होती विवाह संस्कार की गरिमा और मर्यादा

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**देश** के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गों खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव प्रदर्शन किया जा रहा है उन सबके बीच विवाह का संस्कार यानि परंपरागत सप्तपदी के फेरे की रस्में गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए यह सारा समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं। उनका सारा जोर ही डांस और पार्टी हल्ला-गुल्ला पर रहने लगा है। इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का आचरण भी विवाह संस्कार की मयार्दा का हनन ही है। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ सालों में लिव-इन का प्रचलन विवाह संस्था के वजूद को हिला रहा है बिन फेरे हम तेरे के चलन ने तमाम सामाजिक वर्जनाओं के ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। तिस पर विवाह से पूर्व प्री वेडिंग शूट के नए प्रचलन ने तमाम संस्कार और मर्यादा मान्यताओं का बेड़ा गर्क कर दिया है। हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है।

## भाजपा के पोस्टरों के पोस्टर बॉय हैं दिग्विजय

**कोई** माने या न माने लेकिन मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए आज भी हौवा बने हुए हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक का राज्यसभा में विरोध करने पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को गद्दार बताने वाले पोस्टर प्रदेश के अनेक शहरों में लगे हुए हैं लेकिन इससे न दिग्विजय सिंह विचलित हैं और न उन्होंने अपना रुख बदला है,उलटे वे भाजपा पर और आक्रामक हो उठे हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए भाजपा की जन्मकुंडली खोलना शुरू कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 78 साल के हो गए हैं और पिछले 54 साल से कांग्रेस के साथ काम कर रहे है। उनके साथ और बाद में आये तमाम राजे-महाराजे और खुद उनके भाई इस बीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए लेकिन दिग्विजय सिंह आज भी राजनीति की क्रीज पर हैं क्रीज पर हैं। 2003 में कांग्रेस के सत्ताच्युत होने के बाद उन्होंने पूरे एक दशक तक कोई चुनाव नहीं लड़ा लेकिन 2018 में प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी के बाद वे एक बार फिर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हो गये । दिग्विजय सिंह ने पार्टी के महासचिव के रूप मेंही नहीं बल्कि राज्य सभा सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति से भाजपा को परेशान करके रखा।

वक्फ बोर्ड कानून के मुद्दे पर खुद को गद्दार बताने पर दिग्विजय सिंह ने भाजपाइयों को ही गद्दार कह दिया । उन्होंने दावा किया कि गद्दार तो वे भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने आईएसआई एजेंट के रूप में काम किया है।दिग्विजय सिंह ने याद दिलाया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों से 2017 में जासूसी गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था।दिग्विजय सिंह पहले भी आरएसएस को लेकर अदालतों का सामना कर चुके हैं। अदालतों ने दिग्विजय को बरी कर दिया ,लेकिन वे आज भी अपने सुर बदलने को तैयार नहीं हैं। दिग्विजय के जितने विरोधी भाजपा में हैं उतने ही कांग्रेस में भी हैं किन्तु वे ऐसे अकेले कांग्रेसी नेता हैं जो आरोपों-प्रत्यारोपों से विचलित नहीं होते उलटे उनका सामना करते है। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भर्ती ने दिग्विजय सिंह को मिस्टर बंटाधार कहा लेकिन वे मुस्कराते रहे।

## न्यूज फ्लैश

### महेंद्रगढ़ पुलिस ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बच्चे को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । महेंद्रगढ़ पुलिस ने** महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बच्चे को उसके परिवार से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है। कल महेंद्रगढ़ थाना में बच्चे के परिजनों ने पुलिस को उनके बच्चे के लापता होने की सूचना दी। बच्चा घर पर बिना बताए कहीं चला गया था। सूचना पर पुलिस ने तुरंत प्रभाव से बच्चे को तलाशने के प्रयास शुरू कर दिए। मामले में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए गुमशुदा नाबालिग बच्चे का पता लगाया। पुलिस टीम ने काफी मशक्कत करते हुए नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के हवाले किया। बच्चे के परिजनों ने पुलिस की टीम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम का धन्यवाद किया। पुलिस ने पता लगाया कि परिजनों के डांटने की वजह से बच्चा ट्रेन में बैठकर चला गया था, जिसे सकुशल बरामद किया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयास से इस गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया और परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का कार्य किया। परिजनों ने जब बच्चे को सकुशल देखा तो उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ आई, उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को गुमशुदा/बन्धक/शोषित व्यक्तियों/महिलाओं/बच्चों के सम्बन्ध मे किसी प्रकार की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दें और उनके परिजनों की मुस्कान लौटाने में पुलिस को पूर्ण सहयोग करें।

### सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपित पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने थाना सदर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित विनीत वासी खातोदड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सदर महेंद्रगढ़ में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गश्त के दौरान महेंद्रगढ़ क्षेत्र में मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि विनित वासी खातोदडा, गांव खातोदडा में छोटेलाल के मकान से आगे चलकर खाली खेतों में खडा होकर किसी का इन्तजार कर रहा है और अवैध हथियार देशी कट्टा लिए हुए है। अगर तुरंत रैड की जाए तो अवैध देशी कट्टा से काबू किया जा सकता है। सूचना पर टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रेड की तो एक लडका अकेला संदिग्ध खडा हुआ दिखाई दिया, जिसको काबू करके उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विनित वासी खातोदडा बतलाया। जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा मिला।

### तीन मंदिरों के कलश चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव फुसगढ़** में दिन दिहाड़े दो चोरों ने एक ही जगह पर तीन अलग-अलग मंदिरों के शिखर कलश चोरी कर लिए। ये कलश दादा खेड़ा मंदिर, भूरि सिंह जी मंदिर और काली सिंह जी मंदिर के थे। चोर तीनों मंदिरों की गुंबद पर चढ़े और कलश को उतार ले गए। घटना का एक हिस्सा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जिसमें चोर को कलश उतारते हुए देखा जा सकता है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीण गुरमेल व अन्य ने बताया कि चोर माता रानी मंदिर की तरफ से अंदर घुसे, क्योंकि वहां कोई कैमरा नहीं लगा हुआ था। लेकिन दादा खेड़ा मंदिर के शिखर पर कैमरा लगा था, जिससे एक चोर की हरकत कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। हालांकि दो अन्य मंदिरों से कलश कैसे उतारे गए, इसका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। तीनों मंदिरों के कलशों की कीमत करीब 30 से 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

# साइक्लोथॉन के खरखौदा पहुँचने पर किया जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत जिला की** सीमा पर विधायक पवन खरखौदा, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम निर्मल नागर व एमडी शुगर मिल गोहाना अंकिता वर्मा ने जिलावासियों के साथ किया भव्य स्वागत। जिला सोनीपत के खरखौदा के गढ़ी सिसाना मोड़ पर मंगलवार को साइक्लोथॉन यात्रा पहुँची। वहाँ साइक्लोथॉन यात्रा का विधायक पवन खरखौदा, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम निर्मल नागर व एमडी शुगर मिल गोहाना अंकिता वर्मा ने जिलावासियों के साथ किया भव्य स्वागत। साइक्लोथॉन 2.0 सोनीपत जिला में प्रवेश कर गई। जिला से निकलने वाली दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत जिलावासियों द्वारा



गरिमामयी ढंग से किया गया। सोनीपत जिला की सीमा पर विधायक पवन खरखौदा, भाजपा गोहाना जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसडीएम निर्मल नगर व एमडी शुगर मिल गोहाना अंकिता वर्मा, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार ने जिलावासियों के साथ किया भव्य स्वागत सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिनिधियों व युवाओं ने सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। जिला के विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने पर खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने साइक्लोथॉन में भागीदार प्रतिभागियों का जोरदार अभिनंदन करते हुए नायब सरकार की इस सामाजिक सोच को समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में अहम बताया। साइक्लोथॉन 2.0 के जिला सोनीपत में प्रवेश करने के दौरान गाँव गढ़ी सिसाना में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा ने युवा शक्ति को सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को शुरू की गई साइक्लोथॉन सामाजिक संदेश के साथ पूरे प्रदेश को कवर करेगी। प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही युवा शक्ति को नशे जैसी कुरीति से दूर अपनी नैतिक जिम्मेवारी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से निभा रही है।

## माइनिंग कर्मचारियों पर तेजधार हथियारों से किया गया हमला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री थाना क्षेत्र** के गांव चंद्राव में एक खनन कंपनी के कर्मचारियों पर लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से हमला करने का मामला सामने आया है। कर्मचारी गांव की तरफ से जमना साइट की तरफ जा रहे थे। कर्मचारी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ता रोककर उन पर हमला किया गया। हमले में घायल कर्मचारियों को इंद्री के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल है, जबकि अन्य को चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव गढ़ी बीरबल निवासी हिमांशु, संधाली निवासी प्रताप, कलसौरा निवासी मनदीप, उमरपुर निवासी अभिषेक और विशाल बोलेरो में सवार थे। गांव चंद्राव के पास पहुंचे तो गुरमीत सिंह उर्फ गोनी, सुरजीत, सोनू, बलदेव, टिक्कू, राकेश, रिंकू, महेंद्र, बलकार, हरदीप, सुच्चा, प्रदीप समेत करीब 15 लोग हथियारों के साथ वहां आ गए।

### शहीदों के पोस्टर से अलग कर नीचे फेंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में सिरसी** गांव में पाल समाज की चौपाल में बाबा साहेब डा. अंबेडकर का बैनर फाड़े जाने का मामला सामने आया है। समाज के लोगों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर यह हरकत की है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। बैनर शहीदों के एक बड़े पोस्टर का हिस्सा था, जिसमें बाबा साहेब डा. अंबेडकर की तस्वीर भी लगी हुई थी। घटना के बाद पाल समाज के लोगों में भारी गुस्सा है और उन्होंने जुंडला पुलिस चौकी में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पानीपत में बिजली की मोटरों का सामान चुराने वाले गिरोह के चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत।** पानीपत में सीआईए थ्री पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने वाले अंतरजिला चोर गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक लाख 93 हजार रूपए व तांबे की 5 किलो तार बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने पानीपत में 72 व जिला करनाल व कुरूक्षेत्र में 60 से अधिक वारदातों का अंजाम देने बारे स्वीकारा था। पानीपत की 72 वारदातों में थाना इसराना की 39, थाना समालखा की 22, थाना



मतलौडा की 6, थाना सदर की 3 व थाना सनौली की 2 वारदातों का खुलासा हुआ था। प्रभारी विजय ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया उन सभी ने मिलकर खेतों से टयूबवेल से चोरी की मोटर व केबल से निकाली तांबे की तार राह चलते अज्ञात कबाड़ियों को बेचकर हासिल की नगदी में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बचे एक लाख 93 हजार रूपए व वारदात प्रयुक्त औजार बरामद कर आरोपी गुन सागर, गुलबहार, साहिल व कबाड़ी कशमीरी लाल को रिमांड अवधी पूरी होने पर व आरोपी मोहम्मद रियाज, अशोक, अविनाश टोपो व परामनंद को मंगलवार को पूछताछ के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

### 35 भैसों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगला चौक के पास केमिकल युक्त पानी पीने से हुई 35 से ज्यादा भैसों की मौत के मामले में आज पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की टीम मृत पशुओं का पोस्टमॉर्टम करा रही है। पशुओं के विसरा को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। पंजाब से आए पशुपालक 70 भैंसों को लेकर कई महीनों से सफर कर रहे थे। सोमवार को करनाल के मेरठ रोड पर नगला चौक के पास पहुंचे तो वहां घास उगी हुई खाली जमीन दिखी। उन्होंने भैंसों को चरने के लिए वहीं छोड़ दिया। उसी जमीन पर पास ही एक फैक्ट्री का केमिकल युक्त पानी जमा था, जिसे भैंसों ने पी लिया। इसके कुछ ही देर बाद भैंसें तड़पने लगीं, किसी के मुंह से झाग निकलने लगा तो कोई दौड़ती-दौड़ती खेत में गिर गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। कुछ भैंसों के शव सडक किनारे मिले तो कुछ खेतों के अंदर। पशुपालक भैंसों को ढूंढते हुए इधर-उधर भटकते नजर आए। इस हादसे में लाखों का नुकसान झेल रहे पशुपालकों ने पास की फैक्ट्री पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही जब पशुपालक फैक्ट्री पहुंचे तो वहां ताला लगा मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि घटना के समय फैक्ट्री मालिक वहां था, लेकिन भैंसों की हालत बिगड़ते ही वह ताला लगाकर भाग गया।

## लाठी डंडों से चोट मारने के मामले में एक ओर आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । आपसी कहासुनी** को लेकर लाठी डंडों से चोट मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सोनू वासी नांगल सिरोही के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले भी अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपित सेंधमारी और हत्या के मामले में वांछित था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में चार आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पीड़ित की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। शिकायतकर्ता मधुबाला वासी खातीवास महेन्द्रगढ ने थाना सदर महेंद्रगढ़ में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पुत्र अभिषेक को दिनांक 09-7-2024 को भीम व अन्य आरोपितों ने बहला फुसला कर व आपस मे साजबाज होकर के खातीवास मोड पर शराब के ठेके के पास बुला लिया और शराब पिलाकर अभिषेक को लाठी डंडों से काफी चोटें मारी। पुलिस ने उसे सिविल अस्पताल नागंल सिरोही अस्पताल में भर्ती कराया और उनके पास सूचना दे दी। अभिषेक की हालत ज्यादा खराब होने की वजह से वह दिनांक 10 जुलाई को उसे सिविल अस्पताल नारनौल मे ले गई। सिविल हॉस्पिटल अस्पताल वालों ने शाम के समय छुट्टी दे दी।

## सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने को अभियान 14वें दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रखा। आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली, पाबसर, क्वारतन, कोटड़ा व राजकीय उच्च विद्यालय नंदकरण माजरा के सरकारी स्कूलों व गांवों में नामांकन अभियान चलाया गया। स्कूलों में अध्यापकों व छात्रों की मीटिंग लेने के बाद हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया, कैशियर शीशपाल शर्मा, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़,वरिष्ठ मंजू रानी,करमचंद केसर,सतपाल दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेज रहे हैं.।

## सार्वजनिक स्थानों पर साइबर क्राइम जागरूकता को लगेंगे हेल्पडेस्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल।** पुलिस विभाग द्वारा दस दिन तक जिला कैथल में विभिन्न स्थानों पर साइबर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक करने सहित साइबर संबंधी शिकायतों को सुना जाएगा। इसी कड़ी के तहत मंगलवार को एस पी राजेश कालिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय, कोर्ट परिसर, कबूतर चौक व रेलवे स्टेशन कैथल पर साइबर हेल्पडेस्क लगाए गए। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु, एएसआई विनोद कुमार, एएसआई जसबीर सिंह व एचसी सतीश कुमार की टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साईट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने का, पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते है। जिसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते है। साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरो पर देने का दावा करते है और आपकी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते है। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीको से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़प रहे है जिससे पीडित व्यक्ति को आर्थिक हानि के साथ 2 कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है।

### आईटीआई करनाल में रोजगार मेला 21 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बाबू मूलचंद** जैन राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान में 21 अप्रैल को विभाग की हिदायतों के अनुसार कैंपस इंटरव्यू जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश की कई बहुचर्चित कंपनियां भाग लेंगी तथा छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि एलएंडटी कंपनी इस संस्थान के इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेड वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टर्नर, फिटर, डीएमसी, डीएमए,म आरएसी, वायरमैन इत्यादि व्यवसायों के छात्रों को 45 दिनों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण अपने हापुड़ स्थित ट्रेनिंग सेंटर में करवाएगी।

## रिजॉर्ट का पर्यटन मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) प्रदेश के सहकारिता, कारागार,** निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सोमवार शाम जीटी रोड स्थित स्काईलार्क टूरिस्ट रिजॉर्ट का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने रिजॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की अपडेट स्तिथि को जाना व एक माह का रिकार्ड जांचा। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि टूरिस्ट काम्प्लेक्स आने वाले किसी भी आगन्तुक को कोई परेशानी नहीं होनी चहिए। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यमुनानगर में विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह के



बाद लौटते समय विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा जीटी रोड स्थित स्काईलार्क टूरिस्ट रिजॉर्ट पहुंचे तथा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिसेप्शन पर ही कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति व पिछले एक माह का रिकार्ड जांचा। इसके बाद रिजॉर्ट काम्प्लेक्स में विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्रबंधक कर्मबीर सिंह से ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी टूरिस्ट काम्प्लेक्सों को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो आगन्तुकों का विशेष ध्यान रखें। काम्प्लेक्स में सफाई व अन्य किसी भी विषय को लेकर लापरवाही न बरती जाए। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गम्भीर हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक करके हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लेकर जाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है, इसको लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ बैठक हो चुकी हैं।

## छात्राओं को साइबर अपराधों के संबंध में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत महेंद्रगढ़ में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को साइबर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों तथा गुड टच बैड टच के संबंध में निरीक्षक शारदा और उनकी टीम द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के अलावा स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।



टीम ने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से होने वाले क्राइम से सावधान रहने व साइबर क्राइम से जागरुक रहने की आवश्यकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के

**अभियान**

**▶▶ स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा**

बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं, क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। पुलिस द्वारा गुड टच बैड के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। टीम ने पुलिस की डायल 112 सेवा के बारे में भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में तत्काल पुलिस को सूचित करें। जिन पर संपर्क करके आप महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते हैं। पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करें अधिकारी : रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आमजन की** शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने का संकल्प लेकर महापौर रेनू बाला गुप्ता कार्य कर रही हैं। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग के हित, प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि पर केन्द्रित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाणा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत नागरिकों की सुविधाओं हेतू विकास कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा केरास्ते पर चल हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इस मूल मंत्र के माध्यम से सुशासन पर जोर दिया जा रहा है। जन सुनवाई के दौरान महापौर के समक्ष सडकों के गढ्ढे भरने, सीवरेज की सफाई, स्ट्रीट लाईटों को दुरूस्त करना तथा अतिक्रमण को हटाने जैसी शिकायतें आई। उन्होंने एक-एक कर सभी नागरिकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी को बुलाकर उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके पास आमजन की जितनी भी शिकायतें आती हैं, उसका जल्द से जल्द निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्य करवाने में पूर्ण विश्वास रखती है, विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस शिकायत का समाधान मौके पर सम्भव हो तो उस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए उसका समाधान कर दिया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### आनलाईन फ्राड और साइबर अपराधों के बारे में जानकारी हर नागरिक के लिये जरुरी: वरुण



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** आमजन को साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है। पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करके अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं । जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साईबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साईबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों को कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं, कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल, व्यटसएप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। आजकल ठग पर फोटो भेजकर व्हाट्सएप कॉल करते हैं और उनके द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई फोटो को पहचान के लिए कहते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उस फोटो या लिंक पर क्लिक करता है उसके फोन में एक वायरस या हैकिंग एप इंस्टॉल हो जाता है और उसके माध्यम ठगी उसका खाता खाली कर देते हैं। ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई किसी भी फोटो पर क्लिक ना करें तथा बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर जालसाजी से बचने का सबसे बेहतर तरीका है जागरूक होना। उसके बाद भी अगर ठगी हो जाये तो नैशनल साईबर हैल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। अगर साईबर हैल्पलाइन पर समय रहते शिकायत की जाए तो आम आदमी की मेहनत की कमाई बचाई जा सकती है। 1930 पर तुरन्त शिकायत करनें पर आपका पैसा सुरक्षित वापिस आ सकता है ।

### जिले की मंडियों में 1392292 क्विंटल गेहूं की हुई आवक व 1209986 की हुई खरीद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। 14 अप्रैल तक मंडियों में 1392292 क्विंटल की कुल आवक हुई है व 1209986 की खरीद हुई है और 329773 .5 क्विंटल की अब तक लिफ्टिंग हुई है । उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि बाबरपुर मंडी में अब तक 112605 क्विंटल की कुल आवक हुई व 111165 क्विंटल की खरीद हुई और 71425 की लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मंडी में 172871 की आवक हुई व 165940 क्विंटल की खरीद हुई व 45644 की लिफ्टिंग हुई है। बबैल मंडी में 18337 की आवक हुई व 18157 की खरीद हुई। 7732 की लिफ्टिंग हुई।बापौली मंडी में 109875 की आवक हुई।

# विज ने नई अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया

## कैंट नई अनाज मंडी में किसानों व मजदूरों को 10 रुपए प्रति थाली की दर से मिलेगा भोजन : विज

**सस्ता भोजन**

**हमारी सरकार हर वर्ग, हर क्षेत्र व हर व्यक्ति का पूरा ध्यान रखती हैं। गेहूं का सीजन आ गया है**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में नई अनाज मंडी प्रदेश में ऐसी पहली अनाज मंडी है जोकि जीटी रोड पर स्थित हैं। यहां पर किसानों के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध है। इसी कड़ी में आज किसानों व मजदूरों के लिए ह्लटल किसान मजदूर कैंटीन शुरू की गई हैं जिसमें उन्हें 10 रुपए में भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी।

विज जीटी रोड स्थित अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का उद्घाटन करने के उपरांत मौजूद किसानों व अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर कहा कि आज खुशी की बात है कि यहां पर अटल किसान मजदूर कैंटीन का श्रीगणेश किया गया हैं। हमारी सरकार हर वर्ग, हर क्षेत्र व हर व्यक्ति का पूरा ध्यान रखती हैं। गेहूं का सीजन आ गया हैं, इसके तहत मंडी में किसानों, मजदूरों व अन्यों को भरपेट भोजन मिल सके, इसके लिए यहां पर अटल किसान मजदूर कैंटीन शुभारम्भ किया गया हैं। इसके साथ-साथ अन्य मंडियों में भी अटल किसान मजदूर कैंटीन बनाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कैंटीन में 10 रुपए की दर से दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा जबकि 15 रूपए प्रति थाली की अदायगी मार्केटिंग कमेटी अम्बाला छावनी सब्सिडी के रूप में कैंटीन संचालक महिला स्वयं सहायता समूह को करेगी।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनका सबसे पहला प्रोजेक्ट अम्बाला छावनी की इस मंडी को जीटी रोड पर बनाने का था। इससे पहले यह अनाज मंडी अम्बाला छावनी सदर बाजार में होती थी। न तो वहां पर अनाज रखने की सुविधा थी, न ट्रॉली खड़ी करने की और न किसानों के बैठने की व्यवस्था होती थी। सारे बाजार गेहूं की ढेरियों से भरे रहते थे। आढ़तियों, किसानों के साथ-साथ बाजार के दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मैंने इन लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए सबसे पहला प्रोजेक्ट नई अनाज मंडी अम्बाला छावनी जीटी रोड मोहड़ा के नजदीक शिफ्ट कराया। अनाज मंडी में किसानों के लिए किसान रेस्ट हाउस की सुविधा के साथ-साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है। इसी कड़ी में आज यहां पर किसान रेस्ट हाउस के हॉल में अटल किसान मजदूर कैंटीन बनाई गई हैं ताकि यहां पर आने वाले किसान एवं मजदूरों को रियायती दर पर पौष्टिक भोजन मिल सकें। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा यहां पर स्थाई रूप से कैंटीन चलाने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई हैं और टेंडर प्रक्रिया के होने के बाद जल्द से जल्द यहां पर यहां पर 7 लाख रुपए की लागत से अटल किसान मजदूर कैंटीन बनाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह से ममता शर्मा ने बताया कि इस कैंटीन में खतौली गांव की चार महिलाओं के द्वारा भोजन तैयार किया जाएगा।

# शिविर लगाकर वृद्धजनों को करवाया योग का अभ्यास



**शिविर**

**अध्यक्ष रेणु खुंबर के सहयोग से प्रेरणा वृद्ध आश्रम में 4 विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश मलिक जाटियान ने कहा कि महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयुष विभाग द्वारा जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में 75 दिन पूर्व विश्व स्वास्थ्य दिवस 1 मई 2025 तक दिव्यागों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला एवं अध्यक्ष रेणु खुंबर के सहयोग से प्रेरणा वृद्ध आश्रम में 4 विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश मलिक जाटियान ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा जिला स्तर पर विशेष योग शिविर लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में तीसरे दिन प्रेरणा वृद्ध आश्रम में योग विशेषज्ञ मंजीत, डिम्पल, हरदीप सिंह एवं रोहताश कुमार योग सहायकों द्वारा वृद्धजनों को योग का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने कहा कि विशेष योग शिविर में वृद्धजनों को अनुलोम विलोम, भ्रामरी, तितली आसन, वज्रासन पर्वतासन, ताड़ासन आदि का अभ्यास करवाया गया तथा शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को योग से होने वाले अनेक प्रकार के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# साईक्लाथॉन यात्रा 16 अप्रैल बुधवार को पहुंचेंगी हलदाना बोर्ड, मनमोहन भड़ाना करेंगे स्वागत

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का फायदा युवाओं को खास तौर पर मिल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर साईक्लाथॉन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आम व्यक्ति को नशा मुक्ति का संदेश देती साईक्लाथॉन यात्रा का बुधवार को पानीपत में आगमन हो रहा है। साईक्लाथॉन यात्रा की सभी प्रकार की तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 30 हजार का पंजीकरण हो चुका है। यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह व उमंग दिखाई पड़ रही है। पंजीकरण का यह आकड़ा निश्चित रूप से और बढ़ेगा। जगह-जगह यात्रा के स्वागत के लिए लोग फूलों की वर्षा करेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि 16 अप्रैल बुधवार को 12 बजे के करीब यात्रा का स्वागत हलदाना बोर्डर के समीप निरंकारी मिशन के गेट नम्बर 2 के पास समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनमोहन भड़ाना करेंगे। उसके पश्चात यात्रा का ठहराव पुलिस लाईन में किया जाएगा।

# अध्यापक संघ ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती को मनाया

**प्रेरित**

**महान शख्सियत को नमन करते हुए उनके दिए बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :**आज हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की समस्त कार्यकारिणी ने जिला प्रधान अमर सिंह व पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नजदीक श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला कुरुक्षेत्र पर पहुंचकर डॉ बी आर अंबेडकर जयंती के मौके पर प्रतिमा को माल्यार्पण किया और सभी साथियों को बाबा साहब के जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला संरक्षक रमेश थाना ने मौजूद साथियों को बाबा साहब के वचनों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया और उनके विचारों को प्रचार प्रसार करने की अपील की। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रमेश रंगा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हर एक साथी को बाबा साहब के पद चिन्ह पर चलकर एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। जिला महासचिव रामेश्वर लाल ने सभी साथियों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की और बाबा साहब जैसी महान शख्सियत को नमन करते हुए उनके दिए बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया ।इस मौके पर पूर्व डिप्टी डीईओ राजकुमार तुषार व आर पी एस एस जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने भी माल्यार्पण कर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर थानेसर प्रधान मनोज मेहरा, लाडवा प्रधान राजकुमार नरवाल, बाबैन प्रधान श्री बिंटू राम, शाहाबाद प्रधान राजकुमार कठवा,पिहोवा प्रधान दर्शन लाल, डॉ देश राज, राम कुमार प्रिंसिपल, प्रधान हरियाणा अनुसूचित जाति ऑफिसर्स एंड इम्लाइज एसोसिएशन, मुख्य सलाहकार भगत सिंह, सुधीर ढांडा, राजेश नरवाल, अनिल चौधरी,थानेसर खंड सचिव राजेंद्र रामगढ़, राजेंद्र बर्मन, नरेंद्र कलसाना,राज कुमार,संजीव ज्योतिसर एवं राज्य प्रेस सचिव नरेश फूले मौजूद रहे।

# अनिरुद्ध का जलवा-गोल्ड-सिल्वर मेडल जीतकर किया क्षेत्र का नाम रोशन




**परचम लहराया**

**अपने विद्यालय व कोचिंग संस्थान का, बल्कि पूरे जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/चीका :** भिवानी में 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित हुई हरियाणा राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप में चीका के 11 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनिरुद्ध सीड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर एक स्वर्ण ( गोल्ड ) और एक रजत ( सिल्वर ) पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय व कोचिंग संस्थान का, बल्कि पूरे जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है ।अनिरुद्ध वर्तमान में कक्षा पाँचवीं का छात्र है और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने इस चैंपियनशिप में कुल 360 में से 330 अंक अर्जित कर अपने वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।अनिरुद्ध ने बताया कि अपनी इस सफलता का श्रेय वे अपने मामा श्री जगरूप मलिक, पिता श्री जितेन्द्र सिडा और माता श्रीमती सीमा मलिक को देते हैं, जिनका उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन और समर्थन मिला। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन लगभग 8 घंटे अभ्यास करते हैं, और यही अनुशासन और समर्पण उनकी सफलता की कुंजी रहा है। इस जीत के साथ अनिरुद्ध ने अपने आयु वर्ग में रिकॉर्ड स्कोर करते हुए पूरी प्रतियोगिता में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित किया। उनका लक्ष्य भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

# ऑनलाइन टीचर डायरी का विरोध करेगा प्राथमिक शिक्षक संघः देवदत्त



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले विभाग द्वारा एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में 17 अप्रैल को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। संघ की जिला कार्यकारी समिति के अध्यक्ष देवदत्त ने बताया कि यह आदेश व्यावहारिक तौर पर बिल्कुल भी संभव नहीं है । एक प्राथमिक शिक्षक जिसके पास दो से तीन कक्षाएं हैं, वह सभी कक्षाओं की डायरी अपडेट नहीं कर पाएगा और इसमें समय भी बहुत व्यर्थ होगा। वहीं समय जो बच्चों को पढ़ाने में लगना चाहिए । वह प्रतिदिन इन ऑनलाइन कार्यों में व्यर्थ में व्यतीत होगा जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। इसके अलावा भी बहुत सारे काम जैसे अपनी व बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी लगाना, मिड डे मील खाने वाले बच्चों की संख्या को ऑनलाइन दर्ज करना होता है। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसे तुगलकी फरमान जारी कर बच्चों को पढ़ाई से वंचित कर रही है । सरकार का यह ऑनलाइन कार्य करने का सिलसिला दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है और गरीब बच्चे जो बहुत आस से सरकारी स्कूलों में दाखिला लेते हैं शिक्षा उनसे दूर होती जा रही है यदि ऐसे ही सरकारी स्कूलों में प्रयोग होते रहेंगे तो एक दिन ऐसा होगा कि सरकारी स्कूल केवल प्रयोगशाला बनकर रह जाएगा और स्कूलों में बच्चों की संख्या देखने को नहीं मिलेगी और इसका सारा दोष सरकार पर जाएगा।

## बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ के आदेशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 से 26 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ बचाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वीआईपी घाट ब्रह्मसरोवर पर 21 अप्रैल को किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ से बचाव व तैराकी के गुर सिखाए जाएंगे।

# 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को नहीं मिलेगा आठवें वेतन आयोग का लाभ



**गुमराह कर रहे**

**10 वर्षों में पेंशन भोगियों को क्या सरकार आज के रेट पर ही सभी ईलाज व खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएगी**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** केंद्र सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग द्वारा हाल ही में एक प्रेस रिलीज में यह स्पष्ट किया गया है के आठवें वेतन आयोग का लाभ उन कर्मचारीयों या पेंशनर्स को मिलेगा जो जनवरी 2026को सेवा में होंगे या रिटायर होंगे।इस से सरकार की यह मंशा बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि वह 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारीयों को आठवें वेतन आयोग का कोई लाभ नहीं देना चाहती। उक्त आरोप लगाते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के मुख्य प्रवक्ता कुलभूषण शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एक तरफ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त सचिव कर्मचारी संगठनों को यह आश्वासन दे कर गुमराह कर रहे हैं कि सरकार द्वारा ऐसा कोई बिल पास नहीं किया गया जिसमें 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को आगामी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों से वंचित किया गया हो, दूसरी तरफ आठवे वेतन आयोग की गठित कमेटी यह बयान देती है कि आने वाले आठवें वेतन आयोग के तहत 2026से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। आठवें वेतन आयोग की कमेटी के इस ब्यान ने देश और प्रदेश के लाखों पैंशन भोगियों को चिंता में डाल दिया है। वेतन आयोग की कमेटी के इस ब्यान से सरकार की दोगली नीति का स्पष्ट पता चल चल रहा है कि वह पेंशन भोगियों को भूखा मारना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2004 में पहले भाजपा सरकार ने कर्मचारियों की पेंशन बंद की और अब जो लोग पेंशन ले रहे हैं उनकी पेंशन को फ्रीज करने का षड्यंत्र सरकार रच रही है ।उन्होंने केंद्र सरकार को सवालों के कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि क्या महंगाई की मार पेंशन भोगियों पर नहीं पड़ेगी। आगामी 10वर्षों में पेंशन भोगियों को क्या सरकार आज के रेट पर ही सभी ईलाज व खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाएगी। यदि नहीं तो फिर पेंशनर्स की पेंशन फ्रीज करने का घिनौना विचार सरकार कैसे कर रही है।शर्मा ने कहा कि माननीय आपने वेतन भत्ते लेते हैं ओर पैंशनर्ज की पैंशन 10वर्षों बाद बढ़ाने पर भी इन्हें एतराज है।

# सडकों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर डीसी ने ली बैठक




**दिशा-निर्देश**

**आमजन की सुविधा एवं यातायात की सुगमता के लिए सडकों का समुचित रखरखाव बेहद जरूरी है**

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि आमजन की सुविधा एवं यातायात की सुगमता के लिए सडकों का समुचित रखरखाव बेहद जरूरी है। गड्ढा मुक्त सडके न केवल सुगम आवागमन को सुनिश्चित करती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी कम करती हैं। उपायुक्त उनके कार्यालय के सभागार मे अयोजित सडक सुधार एवं सभी सडकों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सडकों की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और सम्बंधित विभागो के अधिकारियों को जिलें की सभी सडको गड्ढा मुक्त को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले में सडकों की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलें मे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख तथा आंतरिक सभी सडकों का भौतिक निरीक्षण कर गड्ढों की पहचान की जाए और जहां कही भी किसी सडक की मरम्मत करने की आवश्यकता है उसे शीघ्र दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सडकें किसी भी जिले की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, और इनकी गुणवत्ता सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन स्तर को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का उदेश्य प्रदेश की सभी सडको को गड्ढा मुक्त सडके बनाना है और लोगो को सडक सुरक्षा एवं बेहतर यातायात सेवाएं मुहैया करवाना है। इसी उद्देश्य के साथ सभी अधिकारी कर्मठता से अपनी- अपनी डयूटी का निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं कौताही सहन नही की जाएगी। उन्होंने कहा सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करें, जिसमें प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की सूची बनाकर समयबद्ध तरीके से उन पर कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने इस मौके पर सम्बंधित से मानसून के समय जलभराव जैसी समस्या बारे भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसको लेकर जो भी कार्य किए जाने है वह सभी कार्य समय रहते पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

# मिहा सिंह रंगा ने शिक्षण सामग्री देकर बच्चों को सम्मानित किया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** गांव नलवी में संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास सभा नलवी द्वारा डॉ बी आर अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया गया ।सभा के प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर विशेष आमंत्रित समाजसेवी मिहा सिंह रंगा चेयरमेन महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट ने होनहार बच्चों को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया। रंगा ने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करके अपने भविष्य को बनाने के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन किया। इस जयंती समारोह में संजू एंड म्यूजिकल पार्टी ठोल ने बाबा साहब पर आधारित प्रेरणादाई गीतों से मार्गदर्शन किया । मिहा सिंह रंगा ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जन्मदिन के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं का प्रचार किया । उन्होंने कहा कि हम डा अंबेडकर के पद चिह्न पर चलकर उनके जीवन से प्रेरणा लेकरआगे बढ़े और कामयाब हो। रंगा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट हमेशा पितृ विहीन लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करती है और उनका सहयोग भी करती है ।

# कांग्रेस द्वारा प्रदेश में 19 प्रभारियों की नियुक्ति संगठन को मजबूत करने का होगा काम : प्रदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश** में संगठन को ग्रामीण स्तर तक मजबूत करने की शुरूआत कर दी गई है । हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ( एससी सेल) द्वारा पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जो ब्लॉक व गांव-गांव तक अपना संगठन मजबूत करेंगे । हरियाणा कांग्रेस के सीनियर वाइस चेयरमैन (एससी सेल ) प्रदीप सरोहा ने पत्रकारों से बातचीत में रखे । प्रदीप सरोहा ने मंगलवार को एक निजी रेस्तरां में पत्रकारो से बातचीत करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में 19 प्रभारियों की नियुक्ति की गई है



जो हर ब्लॉक व हर गांव तक कांग्रेस की नीतियों कों पहुंचाएंगे व संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे । उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी मेहनतकश , मजदूर व कमेरे वर्ग की पार्टी है जिसके शासन काल में उनके हितों की रक्षा की जाती है । उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार से हर वर्ग दुखी है ।

प्रदीप सरोहा ने बताया कि उन्हे प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जींद, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर ज़िलों का प्रभारी बनाया गया है जिसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे व कांग्रेस विचार धारा को घर - घर तक पहुंचाने का काम करेंगे प्रदीप सरोहा ने उन्हे यह महत्वपुर्ण जिम्मेदारी सौंपने पर राष्ट्रीय चेयरमैन ( एससी सेल ) राजेश लिलौठिया , हरियाणा प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद , चेयरमैन हरियाणा मनोज बागडी, एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल , पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सतीश बंधुका आदि का आभार व्यक्त किया । प्रदीप सरोहा ने बताया कि वह 2004 से 2005 तक युवा कांग्रेस के ब्लॉक समालखा के जनरल सेक्रेटरी , 2005 से 2006 तक जिला पानीपत के युवा कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी रहे हैं । 2006 में कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हे स्पोर्ट सेल में प्रदेश जनरल सेक्रेटरी व 2007 में उन्हे हरियाणा युवा कांग्रेस ( एससी सेल ) का महासचिव बनाया गया । 2008 में उन्हे युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया गया तथा अगस्त 2024 में उन्हे प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एससी सेल ) के सीनियर वाइस चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई । उन्होंने बताया की उनकी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के चलते ही कांग्रेस द्वारा आज उन्हे जींद , यमुनानगर व कुरुक्षेत्र तीन जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है । वह पार्टी की सोच पर खरा उतरेंगे ।

# सोमनाथ सचदेवा ने किया लॉ फेस्ट की विवरणिका का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विधि विभाग के तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) की विवरणिका का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विवरणिका का विमोचन करते हुए छात्रों को विधिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। यह उत्सव छात्रों के लिए विधिक ज्ञान, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का समन्वय प्रस्तुत करता है।

विधि संकाय की अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति जैन ने बताया कि तीन दिवसीय विधि उत्सव (लॉ फेस्ट) का आयोजन



16 से 18 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा। उन्होंने बताया कि विधि उत्सव के अंतर्गत कई विधिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिनमें प्रमुख इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता जिसमें 15 टीमों ने पंजीकरण कराया है। प्रतिभागी छात्र न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक प्रस्तुति देंगे। प्रो. प्रीति जैन ने बताया कि वृद्धाश्रम एवं अनाथालय का भ्रमण,विधि विभाग के छात्र सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इन स्थलों का दौरा करेंगे और वहां निवास कर रहे लोगों के साथ संवाद स्थापित करेंगे। नुक्कड़ नाटक पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें समाज को हरित भविष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**सोनीपतः पटेल नगर में एक** दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। कालोनी वासियो ने बीच कालोनी से हाई टेंशन तार हटाने की मांग की है । सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुबह लगभग आठ बजे असद ( 9 ) पुत्र मोमिन खान अपने मकान की छत पर टहलने चला गया । इस दौरान वह मकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया । हादसे में वह बुरी तरह से झुलस गया । हादसे के तुरंत बाद बच्चे को सामान्य अस्पताल पहुंचाया गया , जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, दिल्ली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान असद की मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। परिजनों ने मांग की है कि कॉलोनी के बीचोंबीच से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को तुरंत हटाया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। इस घटना से प्रभावित घर की बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह खराब हो गई और शॉर्ट सर्किट के चलते घर की बिजली फिटिंग में आग लग गई। सुचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंदुबाला का निधन, महिलाओं के सशक्तिकरण की रही अग्रणी योद्धा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जनवाद आंदोलन से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रा देवी उर्फ इंदुबाला (63) पत्नी सुल्तान सिंह का सोमवार देर रात निधन हो गया। वे पिछले तीन वर्षों से फेफड़ों की बीमारी और हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। सोमवार रात लगभग डेढ़ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इंदुबाला ने अपने जीवन को समाजसेवा और विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित किया। वे हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वाधान में प्रौढ़ शिक्षा के लिए सक्रिय रहीं। उन्होंने वर्षों तक महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य किया। जनवादी महिला समिति की जिला उप प्रधान के रूप में उन्होंने महिलाओं की आवाज को बुलंद किया। पूजा बचत समूह जैसे महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप का गठन कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पंचायती जमीन को पट्टे पर लेकर उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कार्य किए। घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने में इंदुबाला ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। कई पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से सामाजिक कार्यों की दुनिया को एक बड़ी क्षति हुई है। क्षेत्र में उन्हें एक समर्पित, निर्भीक और संवेदनशील सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। इंदुबाला के निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं और ग्रामीण जन उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### पीएम श्री राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**मतदाता** जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को भापरा रोड स्थित पीएम श्री राजकीय स्कूल के विधार्थियो को मतदान का महत्व समझाया गया। लोकतंत्र शासन प्रणाली में मतदान का क्या महत्व है हमें किस प्रकार बगैर किसी लोभ लालच के मतदान का प्रयोग करना चाहिए।प्रातःकालीन सभा मे विद्यार्थियों को जागरूक किया गया कि जिन विद्यार्थियों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है वह अपना वोट बनवा ले अपने आसपास अगर किसी व्यक्ति की वोट नहीं बनी है या किसी कारणवश कट चुकी है बीएलओ के माध्यम से वोट बनवाने के लिए प्रेरित भी किया। यह कार्य प्रधानाचार्य दुर्गा देवी के नेतृत्व में राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता यश वीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य राजूराम,अनिल दहिया, मनजीत वत्स,संजय आंतिल, सोनिया चावला, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

# टीचर डायरी के विरोध में संगठन करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :कुरुक्षेत्र जिले** में शिक्षकों द्वारा एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन टीचर डायरी लागू करने के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। इसी कड़ी में जिले के सभी प्रमुख शिक्षक संगठन एक मंच पर आकर आगामी 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजे, जिला मुख्यालय कुरुक्षेत्र पर सांझा प्रदर्शन करेंगे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला), कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि 17 अप्रैल 2025 को लघु सचिवालय के सामने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शिक्षक संगठन शामिल होंगे जिसमें हरियाणा



विद्यालय अध्यापक संघ (ल्श्अर), राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ (प्ढरर), शारीरिक शिक्षक संघ (ढळकवठक्ढठ), हरियाणा अनुसूचित जाति अध्यापक संघ (ल्अखफ्अर), हरियाणा प्राइमरी टीचर संगठन (ल्ढळअ) और पंजाबी एवं संस्कृत अध्यापक संगठन प्रमुख हैं। सभी संगठनों की संयुक्त बैठक जल्द आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति साझा की जाएगी। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि "ऑनलाइन टीचर डायरी जैसे आदेशों से शिक्षकों की रचनात्मकता बाधित हो रही है। शिक्षण कार्य पहले से ही अनेक जिम्मेदारियों से जूझ रहा है और ऐसे डिजिटल भार से शिक्षकों का मनोबल गिर रहा है।" 17 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित प्रदर्शन को सफल बनाने के दृष्टिगत आज सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने शिक्षकों से आह्वान किया कि सभी 17 अप्रैल 2025 को लघु सचिवालय पहुंचे तथा प्रदर्शन को सफल बनाएं।

इसी कड़ी में हसला जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक तथा हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघके प्रधान वीरेंदर सिंह ने मार्किंग केन्द्रों पर जाकर सभी प्राध्यापकों को धरने में शामिल होने का निमंत्रण दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा शिक्षक धरने में शामिल हो सकें।

# पाइट की एमसीए डिग्री को भी एनबीए से मान्यता

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) की एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) डिग्री भी अब नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त हो गई है। इससे पहले पाइट के बीटेक (सीएसई, ईसीई, आइटी) और एमबीए प्रोग्राम्स को भी एनबीए की मान्यता मिल चुकी है। एनबीए टीम ने हाल ही में संस्थान का समग्र निरीक्षण किया, जिसके आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि से पाइट के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और करियर के बेहतर अवसर मिलेंगे। एनबीए क्या है

पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि एनबीए एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी स्थापना 1994 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई ) द्वारा की गई थी। एनबीए का मुख्य उद्देश्य तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और उन्हें मान्यता प्रदान करना है।? पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि एनबीए मान्यता प्राप्त प्रोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं, जो छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती है। एनबीए, वाशिंगटन एकॉर्ड का सदस्य है, जिससे इसकी मान्यता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य होती है।

# भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की हुई मासिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्थानीय यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ प्रधान सुबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि मासिक बैठक में अध्यक्ष ने एक प्रस्ताव रखा की ग्राम दोस्तपुर में 12 अप्रैल 2025 को प्रेम देवी वीरांगना शहीद लांस नायक खुशीराम की कुछ असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर निर्मम पिटाई की, जिससे उनके हाथ एवं पैरों में गंभीर चोटे आई तथा हाथ ओर पैरों में फैक्चर भी हो गए। इस घटना से पूर्व सैनिकों में भारी रोष है। यदि शरारती तत्वों को शीघ्र नहीं पकड़ा गया तो पूर्व सैनिक धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। महेंद्रगढ़ के सभी पूर्व सैनिक संकट की इस घंड़ी में वीरांगना के साथ हैं। भूतपूर्व सैनिक विकास संघ महेंद्रगढ़ आशा करता है कि प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी मुस्तैदी से जांच करके दोषियों को सजा दिलायें। वीरांगना को न्याय दिलाने के लिए सेना के उच्च अधिकारियों से संपर्क करके उनसे भी मदद ली जाएगी। इस प्रस्ताव को सर्व सहमति से पारित किया गया। पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया।

# आरपीएस स्कूल में विश्व प्रसिद्ध कलाकार आ रहे हैं शास्त्रीय संगीत का समा बांधने

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । शास्त्री संगीत** में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले विश्व प्रसिद्ध तबला वादक मिथिलेश कुमार झा, भारतीय शास्त्रीय संगीत में युगल गायन में प्रसिद्धी हासिल करने वाले रितेश मिश्रा और रजनीश मिश्रा का कार्यक्रम महेंद्रगढ़ के गांव खातोद स्थित आरपीएस में होगा। शास्त्रीय संगीत से जुड़ा यह कार्यक्रम 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे आरपीएस स्कूल खातोद के प्रांगण में होगा। कार्यक्रम को लेकर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सनडॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि यह जिले ऐसा प्रेरक कार्यक्रम होगा जिससे युवाओं को शास्त्रीय संगीत ही नहीं अपने रुचि के लक्ष्य प्राप्ति में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेंगी। इस कार्यक्रम को लेकर आरपीएस विद्यालय का चयन करना उनके लिए गौरव की बात है। यह कार्यक्रम स्पिक मैके के हरियाणा हैड रामसिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा। विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि मैके कार्यक्रम 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे महेंद्रगढ़ के आरपीएस स्कूल में आयोजित होगा जिसमें विश्व प्रसिद्ध कलाकार भाग लेकर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय विरासत के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और युवा मन को इसमें निहित मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित कर औपचारिक शिक्षा की गुणवत्ता को समृद्ध करना है। इससे भारतीय और विश्व विरासत के समृद्ध और विषम सांस्कृतिक ताने-बाने में सन्निहित रहस्यवाद का अनुभव करवा युवाओं को प्रेरित करना चाहते है।

# ऑनलाइन डायरी के विरोध में कल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:राजकीय प्राथ**मिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि शिक्षा विभाग के ऑनलाइन डायरी लिखने के विरोध में राज्य कार्यकारिणी राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के आदेश अनुसार राज्य के सभी जिलों में 17 अप्रैल 2025 को सभी जिला मुख्यालय पर जिला इकाइयों के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए माननीय डीसी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं निर्देशक शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**सीआईए टू पुलिस** टीम ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान पवन उर्फ विजय निवासी सरसाढ़ सोनीपत हाल मॉडल टाउन के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त कार्यालय में 18 मार्च 2025 को गांव मच्छरौली निवासी सुमित ने शिकायत देकर बताया था कि माडल टाउन निवासी पवन ने अक्तूबर 2021 में उससे महिंद्रा ट्रैक्टर 35 हजार रूपए महीना किराये पर लिया था। 16 अगस्त 2022 को पवन ने किरायानामा आगे बढ़ाते हुए एग्रीमेंट लिखकर



दिया। इसके बाद से पवन न तो किराया दिया और न ही उसको ट्रैक्टर वापिस दे रहा। उसने संपर्क कर पवन से अपना ट्रैक्टर मांगा तो आरोपी ने उसे जांन से मारने की धमकी दी तो और कहा आज तक उसके पास जो भी ट्रैक्टर आया वह न तो वापिस गया और न ही उसने किसी को किराया दिया है। इसके बाद उसने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तब पता चला आरोपी पवन ने इसी प्रकार वर्ष 2022 में यूपी के बागपत निवासी अमरपाल से उसका ऑयसर ट्रैक्टर व मार्च 2023 में शामली निवासी बृजपाल से महिंद्रा ट्रैक्टर किराये पर लिया था। उनको भी आज तक न किराया दिया और न ही ट्रैक्टर लौटाया है। आरोपी पवन उसको ट्रैक्टर नहीं लौटा रहा और मांगने पर जांन से मारने की धमकी देता है। मामले की जांच पश्चात सुमित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में धोखाधड़ी की विभन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। सीआईए टू पुलिस की टीम मामले की जांच के साथ आरोपी की धरपकड़ में जुटी थी। पुलिस टीम ने सोमवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी पवन को यूपी बाइपास पर छाजपुर नाला के नजदीक महिंद्रा ट्रैक्टर सहित काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने धोखाधड़ी से ट्रैक्टर हड़पने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह कपड़े के वेस्ट का काम करता था तब मच्छरौली निवासी सुमित से साथ उसकी जान पहचान हो गई थी। काम सही से नहीं चला तो आरोपी पर काफी कर्ज हो गया।

# शहर में लगा विज्ञापन बोर्ड अब हो सकता है जानलेवा साबित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा शहर में न**गरपालिका द्वारा लगाए गए विज्ञापन बोर्ड अब जानलेवा साबित हो सकते हैं। जोकि एक विज्ञापन बोर्ड दिल्ली रोड सब्जी मंडी के पास सबसे व्यस्त मार्ग पर लगाया गया हैं। जहाँ एक बोर्ड का खंभा हाल ही में जमीन में धंस गया है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। खंभा झुका हुआ है और कभी भी गिर सकता है। आपको बतादे कि नगरपालिका खरखौदा ने हाल ही में टेंडर प्रक्रिया के तहत शहरभर में नए विज्ञापन बोर्ड लगाए हैं, लेकिन कई स्थानों पर इन्हें बिना मजबूत आधार के खड़ा कर दिया गया हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। ऐसे में यदि समय रहते खंभा नहीं हटाया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अन्य स्थानों पर भी ऐसे ही खंभे लगे हैं, जिनकी जांच की जानी भी बहुत ही जरूरी है। यह मामला नगर पालिका की लापरवाही को उजागर करता है। सवाल यह उठता है कि क्या टेंडर के बाद इन बोर्डों की गुणवत्ता की जांच हुई ?शहरवासियों ने मांग की है कि नपा तुरंत सभी बोर्डों की जांच कराए और खतरे वाले बोर्डों को हटाए।

# पीआरपीसी ने अंबेडकर जयंती बड़े उत्साह से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**टपानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई । 14 अप्रैल को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने विशेष अतिथि के




रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओसीयनस एवं उनके परिजन, साथ ही आसपास के गांवों के सरपंच भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्रिकेट टूनार्मेंट, क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता, शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सहभोज जैसे विविध कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।अपने संबोधन में श्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत रिफाइनरी द्वारा आस-पास के गांवों के सतत विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि एम. एल. डहरिया के नेतृत्व में रिफाइनरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

सरकारी स्कूलों में कक्षाओं का निर्माण, कंप्यूटरों की उपलब्धता, छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल वितरण तथा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओव्ह अभियान को मजबूती देना सराहनीय प्रयास हैं। इसके अतिरिक्त, गांवों में जल निकासी (ड्रैनेज) प्रणाली का निर्माण एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान कर बुनियादी ढांचे को सशक्त किया गया है। बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करने हेतु ग्रामीण खेल महोत्सव का वार्षिक आयोजन भी एक अनुकरणीय पहल है। उन्होंने इन कार्यों के लिए श्री डहरिया का विशेष आभार प्रकट किया।

अपने संबोधन में एम एल डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब भारत के युगपुरुष हैं और हर भारतीय के दिल में उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक उत्कृष्ट विद्वान, एक महान चिंतक, दार्शनिक, दूरदृशटा, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने समाज के शोषित एवं दलित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए, कई सामाजिक

# लड़कियों में हिसार की सानिया और लडकों में रोहतक के शुभम बने बेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (भंवर सिंह)**
**गोहाना के जींद रोड स्थित** जय बालाजी स्पोर्ट्स अकादमी में बॉक्सिंग की स्टेट प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। यह प्रतियोगिता हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा कराई गई थी। इस प्रतियोगिता में लड़कियों में हिसार की सानिया और लडकों में रोहतक के शुभम ने बेस्ट बॉक्सर का अवार्ड प्राप्त किया। बेस्ट चैलेंजर का खिताब सोनीपत के कर्ण मलिक को मिला। विजेता खिलाड़ी 21 अप्रैल से उत्तर प्रदेश में प्रारंभ होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप




के लिए चयनित हो गए।

समापन समारोह में पारितोषिक वितरण के लिए बॉक्सिंग संघ के निदेशक ओमवीर हुड्डा और सचिव रविंद्र पन्नू के साथ रोहतक भाजपा की जिला सचिव अनिता बधवार पहुंचे। अध्यक्षता मेजबान अकादमी के संस्थापक जितेंद्र हुड्डा ने की। संयोजन चीफ कोच नवीन हुड्डा ने किया।

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर आदर्श नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा







## श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति केवल पार्क ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके के मजलिस पार्क और केवल पार्क इलाके में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभा यात्रा का आयोजन श्री बालाजी दर्शन सेवा समिति केवल पार्क ने किया।

आपको बातदें कि इस शोभा यात्रा की शुरूआत ए ब्लॉक मजलिस पार्क से हुई और यह यात्रा इलाके के राकेश भारद्वाज चौक, इन्द्रा नगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर और आदर्श नगर होते हुए केवल पार्क जनता भवन पर इस शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर धर्म प्रचारक महंत अनिल शर्मा ने बताया कि यह हमारी तीसरी शोभा यात्रा थी, इसके अन्दर सैकड़ो रामभक्तों ने हिस्सा लिंया और क्षेत्र में जगह-जगह शोभा यात्रा का भक्तों ने स्वागत भी किया।

इस मौके पर संजय अग्रवाल और शिव शंकर मंगला ने बताया कि शोभा यात्रा के समापन पर जनता भवन केवल पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और जनता भवन केवल पार्क में सुन्दर कांड पाठ व संकीर्तन का भी आयोजन किया गया।



इस शोभा यात्रा में आदर्श नगर क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, पूर्व विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शिंवाक सिंघल, निगम पार्षद मुकेश गोयल, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, एक्शन इंडिया के समूह के संपादक रवि भारद्वाज, रोशन कंसल पूर्व जिला अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, नीरज कपूर, राम करण कंसल, अरविन्द शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, प्रीति पुरी, मोहन गर्ग, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्विराजा, सुरेन्द्र बुद्विराजा सहित कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शोभा यात्रा के समापन पर महंत अनिल शर्मा ने समस्त सदस्यों का अभिनन्दन किया।

इस मौके पर प्रमोद गुप्ता और अशोक गर्ग ने बताया कि इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।




## मुख्यमंत्री ने ई डब्लूएस सर्टिफिकेट बनाने पर कोई रोक नहीं लगाई है: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की दिल्ली के लोग भलीभांति जानते हैं की आम आदमी पार्टी विधायकों एवं नेताओं के दबाव एवं सांठगांठ में 2015 से 2024 के बीच ना सिर्फ इ.डब्लू.एस. यानि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के सर्टिफिकेट बल्कि फर्जी जातीय प्रमाण पत्र बना कर स्कूलों में भर्ती का बड़ा फजीर्वाड़ा हुआ। साथ ही ईडब्लू.एस. सर्टिफिकेट का अस्पताल भर्ती एवं कुछ अन्य सरकारी सुविधाएं पाने में भी हुआ। सचदेवा ने कहा है की आज जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ईडब्लू.एस.



सर्टिफिकेट बनाने के घोटाले की शिकायतों का, उनके सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में दुरुपयोग की शिकायतों का संज्ञान लिया है तो आम आदमी पार्टी बौखला कर भ्रम फैला रही है मुख्य मंत्री ने सर्टिफिकेट बनाने पर रोक लगा दी है। मुख्य मंत्री ने ईडब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने पर कोई रोक नहीं लगाई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 18 दिसम्बर 2024 को हमने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के शासनकाल में फर्जी सर्टिफिकेट बना कर उनसे लाभ लेने के घोटाले को उजागर किया था पर उसके बाद भी दिल्ली सरकार ने किसी अधिकारी या विधायक आदि पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि पूरी की पूरी "आप" सरकार इस घोटाले से जुड़ी थी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की दिल्ली की जनता समझ रही है की सौरभ भारद्वाज ईडब्लू.एस. सर्टिफिकेट बनाने को लेकर विवाद इसलिए खड़ा कर रहे हैं।

## दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में बिजली सब्सिडी जारी रखने का फैसला: आशीष सूद

**शिवानी मोरवाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद दिल्ली के उर्जा मंत्री आशीष सूद और परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए बताया कि इस कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कई अहम फैसले लिए गए। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि कैबिनेट ने आज चार प्रमुख वर्गों के लिए सब्सिडी को जारी रखने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इनमें किसानो के लिए सब्सिडी ,1984 के सिख दंगा पीड़ितों के लिए सब्सिडी, मौजूदा



घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी, वकीलों के चेंबर से जुडी सब्सिडी शामिल हैं। 1984 के सिख दंगा पीड़ितों और वकीलों के लिए सब्सिडी हमारी सरकार का बेहद महत्वपूर्ण फैसला है। इस निर्णय के जरिए हम उन सभी अफवाहों और दुष्प्रचारों को खारिज करते हैं जिनमें यह कहा जा रहा था कि दिल्ली सरकार सब्सिडी समाप्त करने जा रही है। आज दिल्ली सरकार के कैबिनेट के फैसले से इन चारों कैटेगरी की सब्सिडी जारी रखने के फैसले से विपक्ष के दुष्प्रचार का भी अंत हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि कुछ स्व-घोषित बेरोजगार नेताओं द्वारा लगातार जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है, परंतु हम यह आश्वस्त करते है कि दिल्ली सरकार अपने कार्यों में पूरी तरह संजीदा है और जनता के हित में हर आवश्यक कदम उठाएगी। आज का यह निर्णय इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे लोग झूठ फैलाते रहेंगे मगर दिल्ली सरकार अपनी गति से काम करते हुए वक्त के साथ इन सभी झूठों का पदार्फाश कर देगी। दिल्ली की जनता को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है, हमारी सरकार पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इसके साथ ही आज दिल्ली कैबिनेट की बैठक में नई ईवी पॉलिसी पर विस्तृत चर्चा की गई। परिवहन मंत्री डॉ पंकज सिंह ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता को बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की परिवहन सेवाएं बंद नहीं जाएंगी। ऑटो बंद करने को लेकर फैलाई जा रही खबर पूरी तरह भ्रामक और आधारहीन हैं। दिल्ली सरकार इस प्रकार के दुष्प्रचार का खंडन करती है। पिछली सरकार ने ईवी खरीद पर सब्सिडी की राशि जारी नहीं की, जिसकी वजह से उन उपभोक्ताओं को आज तक उनका हक नहीं मिल पाया। जब तक नई ईवी पॉलिसी 2.0 बनती है।

## 'धांधली के नाम पर ईडब्लूएस सर्टिफिकेट बनने पर रोक लगाना सीधा गरीब छात्रों से शिक्षा छीनने का कदम है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा धांधली के नाम पर ईडब्लूएस सर्टिफिकेट बनने पर रोक लगाना, सीधा गरीब छात्रों से शिक्षा छीनने का कदम है, अगर कहीं धांधली है तो उसकी शिक्षा विभाग पूर्णतः जांच कर सकता है। ईडब्लूएस सर्टिफिकेट बनने पर रोक लगाने का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है क्योंकि भाजपा का यह फैसला गरीब विरोधी है। रेखा सरकारएससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि इन वर्गों के छात्रों के लिए



स्कॉलरशिप और इनके बेहतर शिक्षा के बजट में कटौती करके भाजपा सरकार ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने देश सहित राजधानी दिल्ली में भी अपना पूंजीपति संरक्षण नियम लागू करना शुरू कर दिया है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने झूठे, लुभावने और बेबुनियाद वादे करके दिल्ली की सत्ता हथियाने के बाद एक-एक करके गरीब, वंचित, दलित और आर्थिक रुप से कमजोर लोगों की कमर तोड़ने वाले फैसले ले रही है। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा दिल्ली में तुरंत प्रभाव से ई.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट जारी करने पर रोक लगाकर दिल्ली के प्राईवेट स्कूलों को फायदा पहुँचाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 सप्ताह पहले भी दिल्ली सरकार ने प्राईवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ोत्तरी करने के खिलाफ कोई कड़ा फैसला नही लिया है। स्कूलों की फीस बढ़ाने से अभिभावकों बच्चे पढ़ाना बहुत महंगा पढ़ेगा।

दिल्ली सरकार और भाजपा की मिलीभगत से दिल्ली की जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है प्राईवेट स्कूलों में हुई फीस वृद्धि जल्द से जल्द वापस ली जाए, अगर भाजपा सरकार फीस वापसी की घोषणा नही करेगी, कांग्रेस पार्टी फीस वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

## नांगलाई में काव्यशैली एवं साहित्यश्री प्रकाशन ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** काव्यशैली एवं साहित्य श्री प्रकाशन द्वारा नांगलोई, नई दिल्ली में आयोजित लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि एवं गीतकार डॉ.जय सिंह आर्य की अध्यक्षता में इंदौर की कवयित्री, शायरा शैली भागवत 'आस' के प्रथम काव्य संग्रह 'जीवन के अनकहे अहसास-पुस्तक का लोकार्पण और राष्ट्रीय मासिक पत्रिका 'काव्यशैली' के मार्च अंक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवयित्री पुष्पा सिंह बिशेन और वरिष्ठ शायरा तूलिका सेठ का विशेष आथित्य रहा। तूलिका सेठ ने 'जीवन के




अनकहे अहसास' काव्य संग्रह की समीक्षा करते हुए इसे अहसासों का अनमोल खजाना बताया। जिसमें प्रेम,रिश्ते, मानवीय व्यवहार, आध्यात्म, देश भक्ति, प्रकृति के विविध रंगों को समेटा गया है। लाइब्रेरी, ऑनलाइन दुनिया, बचत, पाठशाला जैसी लीक से हटकर कुछ रचनाएँ इस संग्रह की खूबसूरती को बढ़ाती हैं। कवयित्री शैली भागवत 'आस' ने इस काव्य संग्रह में मन के अनकहे अहसासों को सुंदर शब्द रचनाओं के साथ खूबसूरत आकार दिया हैं। निश्चित ही यह काव्य संग्रह अपनी विशिष्ट भाव शैली के साथ साहित्य जगत में अनूठी पहचान बनाएगा।

लोकार्पण पश्चात आयोजित कवि सम्मलेन में दिल्ली और देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए रचनाकारों ने कविता, गीत, गजल और शायरी की उत्कृष्ट प्रस्तुति से समारोह को शानदार बना दिया।

शायर असलम बेताब के उम्दा संचालन में राजेश तँवर, राजकुमार 'अर्जुन',डॉ. अशोक सम्राट, डॉ.दिपाली चौधरी, कृष्ण आर्य हरियाणा, डॉ अवधेश तिवारी "भावुक" अजय त्यागी, कवि चित्रकार संजय कुमार गिरि मौजूद रहे।

## भाजपा ने अपनी गरीब विरोधी सोच के चलते ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र बनाने बंद किए: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** सरकार द्वारा अचानक से ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बंद कर दिए जाने पर कांग्रेस और आप दोनों ही भाजपा पर सवाल उठा रहे हैं। इस मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली सरकार का यह फैसला सरकार की नियत पर सवाल खड़े करता है हमारे समय में इस स्कीम को लागू किया गया था जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निजी स्कूलों में 25 फीसदी जबकि विश्वविद्यालयों में 10 फीसदी आरक्षण तय करता था। यह



फैसला ऐसे समय में आया है जब स्कूलों और कॉलेजों में दाखिले हो रहे हैं या होने जा रहे हैं। सरकार के इस निर्णय ने दिल्ली के हजारों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। साधारण सी बात है कि जब सर्टिफिकेट नहीं बनेगा तो कोई भी कमजोर वर्ग का व्यक्ति यह कैसे साबित करेगा कि वह आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है? न सिर्फ स्कूल बल्कि इस कोटे के तहत निजी अस्पतालों में भी बेड आरक्षित रहते हैं। बिना प्रमाणपत्र उसका इलाज कैसे होगा? सरकार यह कहकर पीछा नहीं छुड़ा सकती कि प्रमाणपत्र जारी करने में धांधली हुई है। या धांधली में पूर्व की सरकार को दोष देकर नहीं बचा जा सकता। सीधी सी बात है अगर ऐसी कोई धांधली हुई है तो उसकी जांच करवाई जाए।

## पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जमानत दे दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने अनिल टुटेजा को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि टुटेजा 21 अप्रैल, 2024 से हिरासत में हैं और ट्रायल कोर्ट की ओर से ईडी की शिकायत पर लिए गए संज्ञान को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। हाई कोर्ट ने संज्ञान लेने को इस आधार पर निरस्त किया था कि लोकसेवक के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए जरूरी अनुमति नहीं ली गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 30 गवाहों का परीक्षण होना है। इस मामले में अधिकतम सजा सात साल की है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि आरोपित काफी प्रभावशाली है इसलिए अगर जमानत दी जाती है तो कड़ी शर्तें लगायी जाएं। इसके पहले भी कोर्ट ने अनिल टुटेजा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार करने के ईडी के तौर-तरीके पर कड़ी आपत्ति जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि वो मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 50 के तहत आरोपित के बयान दर्ज करने को लेकर आंतरिक दिशा-निर्देश जारी करे।

## कड़ी सुरक्षा में मना हनुमान जन्मोत्सव, समिति ने किया थाना अध्यक्ष को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हनुमान भक्तों ने विधि विधान से हनुमान जी की झांकियां निकाली। कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए नॉर्थ वेस्ट के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह नें भी कमर कस रखी थी और थाना अध्यक्ष सतविंदर सिंह भी थाना पुलिस के साथ जुलूस की सुरक्षा में लगे हुए थे। थाना अध्यक्ष सतविंदर सिंह की सूझबूझ और उनकी कार्यशैली सराहनीय रही। इसी कड़ी में भोजपुरी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने थाना अध्यक्ष



सतविंदर सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और पंकज भरेजा नें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तो वहीं, जयकरण सिंह ने तुलसी का पौधा भेंट करके धन्यवाद दिया। इस मौके पर भोजपुरी सेवा समिति अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज भरेजा, सचिव जयकरण सिंह, गौरव कुमार, गोनू झा आदि मौजूद रहे।

# राकोली की पहाड़ी का लौटेगा कृष्णकालीन प्राकृति सौंदर्य

## 206 करोड़ की 10 योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट, ढवाला और सखी गिरी पहाड़ी पर भी होगा काम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब राधारानी के गांव बरसाना से जुड़ी पहाड़ियों को प्राकृतिक खूबसूरती प्रदान करने जा रहा है। इसकी शुरूआत राँकोली की पहाड़ी से हो रही है। राज्य सरकार ने 2024-25 के अंतर्गत 206 करोड़ की 10 स्वीकृति योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मथुरा वृंदावन और गोवर्धन के बाद कब बरसाना में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। बरसाना रोपवे ने राधारानी की नगरी का आकर्षण और बढ़ा दिया है। इसी को ध्यान रखते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना के आसपास राजस्थान की सीमा स्थित पहाड़ियों को हराभरा बनाने की योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत राँकोली की पहाड़ी से हो रही है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद 98 हेक्टेयर में फैली इस पहाड़ी की तार फेंसिंग कराएगा। इसके बाद यहाँ ईको रेस्टोरेशन का काम किया जाना है। इसमें प्लांटेशन, कल्चरल आपरेशन, वाटर हार्वेस्टिंग शामिल है। राँकोली के बाद पर्वतीय श्रंखला में शामिल सखी गिरी पर्वत और ढवाला पहाड़ी को भी खूबसूरती प्रदान की जाएगी। वर्तमान में उक्त पहाड़ी क्षेत्र हरियाली विहीन हो गया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग के अंतर्गत 206 करोड़ की 10 योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति प्रदान की है। 2.11 करोड़ की इस प्रोजेक्ट के लिए 1.30 करोड़ अवमुक्त किए गए हैं। इस प्रोजेक्ट में एक संस्था का सहयोग लिया जा रहा है।



**प्राकृतिक**

▶▶ विकास परिषद अब राधारानी के गांव बरसाना से जुड़ी पहाड़ियों को प्राकृतिक खूबसूरती प्रदान करने जा रहा है

**36 वन लेंगें प्राचीन स्वरूप:** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जनपद के धार्मिक महत्व से जुड़े 36 वन स्थलों को प्राचीन स्वरूप देने जा रहा है। यहां कीकड़, बबूल को हटाकर कृष्ण कालीन पौधे लगाने का कार्य वन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसकी अनुमति उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने सुप्रीम कोर्ट से ली है। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को बेहद कम दर में ठहरने की बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वृंदावन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल आदि तीर्थ स्थलों पर टीएफसी (पर्यटक सुविधा केंद्र) का निर्माण कराया जा रहा है। वृंदावन टीएफसी में ठहरने की यह बेहतर सुविधाए और शाकाहारी भोजन बेहद कम दर पर उज्ज्वल ब्रज संस्था द्वारा पिछले कई वर्षो से उपलब्ध कराया जा रहा है।

# खेत में पहुंचीं डीएम, अपनी निगरानी में कराई गेहूं की वैज्ञानिक कटाई

**लखीमपुर खीरी**

**किसानों** की आय बढ़ाने और उन्हें सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाने की दिशा में लखीमपुर खीरी प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील व विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत मोतीपुर का दौरा किया और पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत एक खेत में स्वयं की देखरेख में क्रॉप कटिंग कराई। यह निरीक्षण न केवल किसानों को योजना का वास्तविक लाभ देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, बल्कि इससे प्रशासन की पारदर्शिता और तकनीकी सटीकता को भी बल मिला। इस अवसर पर डीएम ने किसान ओमवीर के खेत में पहुंचकर न केवल वैज्ञानिक पद्धति से गेहूं की फसल कटवाई, बल्कि कृषक से सीधी बातचीत कर खेतीबाड़ी से जुड़ी जमीनी समस्याओं को भी समझा। धान की उत्पादकता का आकलन करने के उद्देश्य से डीएम ने खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लॉट चिन्हित कराया। इसके पश्चात सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। कटाई के उपरांत उपज का वजन कर, आवश्यक आंकड़े संकलित किए गए, ताकि किसानों को वास्तविक उपज के अनुसार मुआवजा दिलाया जा सके। इसमें 20 किलो 500 ग्राम फसल प्राप्त हुई।



## संक्षिप्त खबरें

### बियॉन्ड बाउंड्रीज मास्टरक्लास के साथ युवा क्रिकेटर्स को किया प्रेरित

**नोएडा ।** वैश्विक स्तर पर स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड ने गुरुग्राम के कॉन्शियंट स्पोर्ट्स एरीना में युवा क्रिकेटर्स के लिए मास्टरक्लास की मेजबानी की और जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। मास्टरक्लास का आयोजन कंपनी की वैश्विक पहल ह्यबियॉन्ड बाउंड्रीजह्न के तहत किया गया।



मास्टरक्लास में दिल्ली कैपिटल्स के स्टार खिलाड़ी केएल राहुल, अभिषेक पोरेल और विपराज निगम के साथ-साथ डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट वेणुगोपाल राव, हेड कोच हेमंग बदानी और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान बच्चों को तकनीकी कौशल विकसित करने, शारीरिक क्षमता एवं मानसिक अनुशासन बढ़ाने के लिए व्यावहारिक जानकारियां प्रदान की गईं। दिल्ली कैपिटल्स के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सुनील गुप्ता ने कहा, बात चाहे सही उपकरण एवं सुविधाएं प्रदान करने की हो या क्रिकेट की दुनिया के अपने आदर्श खिलाड़ियों से प्रशिक्षण लेने की, इस मास्टरक्लास ने क्रिकेट खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को सशक्त करने की दिल्ली कैपिटल्स और डीपी वर्ल्ड की साझा प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। मास्टरक्लास में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों ने प्रोफेशनल गियर्स पहने थे। 2024 में जब डीपी वर्ल्ड ने जमीनी स्तर पर काम कर रही अकादमियों में 500 किट्स वितरित की थीं और दिल्ली एयरोसिटी ग्राउंड में दो रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर्स का अनावरण किया था, उस दौरान उन्हें ये किट प्रदान की गई थीं। खास तरीके से तैयार किए गए ये कंटेनर्स इस समय युवा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम एवं पैवेलियन की तरह काम में आ रहे हैं।

### दहेज हत्या में पिता पुत्र गिरफ्तार

**मथुरा।** दहेज हत्या में कोसीकला पुलिस ने पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि उप निरीक्षक रिंकू कुमार द्वारा मय टीम के ग्राम गिडोह में दो अप्रैल को विवाहिता की उसके सुसरालीजनों द्वारा दहेज के लालच में आकर फांसी लगाकर हत्या कर दी थी। मृतका के पिता ने इस संबंध में थाना कोसीकला पर दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया था। दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे अभियुक्त विकाश पुत्र रणवीर निवासी ग्राम गिडोह थाना कोसीकला तथा रणवीर पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम गिडोह थाना कोसीकला को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को करीब 10 .35 बजे कोसीकला नंदगांव रोड पर जाव गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सहीराम में 25 वर्षीय विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका चंचल की शादी पांच साल पहले हुई थी। मृतका का मायका राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव सिनसिनी में है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतका के मायके पक्ष से पुलिस को किसी तरह की कोई तहरीर नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि घटना से कुछ समय पहले चंचल ने अपने ससुर डोरीलाल को खाना दिया, जो खेत से लौटे थे। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद एक पड़ोसी लड़का सब्जी देने आया। उसने चंचल को फंदे पर लटका देखा और चिल्लाते हुए बाहर भागा। इसके बाद लोगों को घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के अनुसार, विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### राया में परचून की दुकान में लगी आग

**मथुरा।** राया कस्बे के बलदेव मार्ग पर नितिन अग्रवाल सुरेश अग्रवाल की किराना की दुकान है। रात्रि को नितिन अपनी दुकान बंद कर घर चले गए देर रात्रि को दुकान के बाहर लगे काउंटर में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गयी। धीरे धीरे आग दुकान के शटर के अंदर प्रवेश कर गयी। इस दौरान गश्त कर रहे पुलिस उप निरीक्षक राहुल गौतम ने घटना को तत्काल सजगता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। पास ही स्थित होटल पर रखे पानी से भरे ड्रम को अन्य पुलिसकर्मियों की सहायता से घटना स्थल तक ले जाकर आग बुझाने का प्रयास किया और साथ ही व्यापारी को दुकान में आग लगने की सूचना दी।

# ओवरटेक के दौरान हुई दुर्घटना, दो बच्चे व दो महिलाओं सहित पांच की मौत

## रिश्तेदार के यहां वलीमा में शामिल होना जा रहे था परिवार, दुर्घटनाग्रस्त ऑटो में सवार थे

**टीम एक्शन इंडिया**

**बहराइच: जिले** के गोंडा-बहराइच मार्ग पर पयागपुर थाना की खूंटेहना चौकी के गांव कटेला के पास मंगलवार की दोपहरहुई दुर्घटना के मृतकों की शिनाख्त हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के पांच लोगों में दो बच्चें, दो महिलाएं और एक पुरुष है। यह सभी ऑटो से एक रिश्तेदार के यहां वलीमा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दुर्घटना में 11 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा ने पत्रकारों को बताया कि एक डबल डेकर बस दिल्ली से गोण्डा जा रही थी। पयागपुर थाना के कटेला गांव के पास पहुंचते ही बस के आगे सीमेंट से लदा ट्रैक्टर ट्रॉली जा रही थी। बस चालक ने तेजी से ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक करते हुए आगे बढ़ा, तभी सामने से आ रहे ऑटो से बस टकरा गई। उन्होंने बताया कि ऑटो में कुल 16 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में अलीम (12), फहद (4), मरियम (60), अमजद (50) और मुन्नी (40) की मौत हो गई। इसके अलावा 11 लोग घायल है, जिसमें दस लोगों को लखनऊ रेफर किया गया। एक अन्य व्यक्ति का इलाज मेडिकल कॉलेज बहराइच में चल रहा है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ओवरटेक के दौरान यह हादसा हुआ है। पांच लोगों की मौत हुई है और 11 लोग घायल हुए हैं। यह लोग एक ऑटो बुक करके पयागपुर थाना क्षेत्र के कोलुहवा गांव में एक रिश्तेदार के घर वलीमा में शामिल होने जा रहे थे।



**हादसा**

▶▶ यह सभी ऑटो से एक रिश्तेदार के यहां वलीमा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे

# नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में इस बार नगर आयुक्त ने लोगों की समस्याएं सुनीं। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गयी। वृंदावन में चंद्र प्रकाश पाठक अपर नगर आयुक्त ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 16 शिकायत प्राप्त हुयी, जिनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित 8 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में रामजी लाल अपर नगर आयुक्त, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, डॉ. गोपाल बाबू गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



### दिव्यांगों के लिए तैयार किये जाएंगे 8 पैर, 6 कैलीपर

**मथुरा।** राष्ट्रीय सेवा भारती से संबद्ध नव उज्जवल फाउंडेशन मथुरा द्वारा संचालित काव्या कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला राम भवन 80 सीडीएस नगर महोली रोड मथुरा पर मंगलवार को प्रातः दस बजे से दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांगों के सहायक उपकरणों की नाप तोल की गई, जिसमे 8 पैर, 6 कैलीपर माप लिया गया। संस्था द्वारा दिव्यांगों को ऑर्थेटिक एवं प्रोस्थेटिक सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

# राहुल गांधी के मानहानि मामले में कोर्ट पेश नहीं हुए गवाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुल्तानपुर: लोकसभा** में नेता विपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में आज (मंगलवार) को एमपी–एमएलए कोर्ट में सुनवाई होनी थी। भाजपा नेता विजय मिश्रा की ओर से गवाह को पेश होना था, लेकिन हुआ नहीं। अब इस मामले में 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई और अब 28 अप्रैल की तिथि नियत की है। उन्होंने बताया कि कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मान हानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। राहुल पर आरोप था कि वर्ष 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान अभद्र टिप्पणी की थी, जिससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लम्बी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसम्बर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। पिछले साल 2024 की फरवरी माह को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था कि मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है।

वर्ष 2025 के शुरूआत में दो जनवरी को जिरह पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने 10 जनवरी व 22 जनवरी की तारीख नियत की थी। लेकिन इन दोनों ही तिथियों पर अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई पुनः टल गई थी। 30 जनवरी को तिथि नियत हुई तो राहुल के अधिवक्ता काशी शुक्ला के अस्वस्थ होने के चलते जिरह नहीं हो सकी थी। 11 फरवरी को कोर्ट में जिरह पूर्ण करने के लिए सुनवाई की तिथि नियत की गई थी। जिसमें राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने परिवादी से जिरह किया, जिरह पूर्ण होने के बाद अगले गवाह से जिरह के लिए तीन बार से तिथि ही नियत हो रही है।



**मानहानि**

▶▶ पूर्ण होने के बाद अगले गवाह से जिरह के लिए तीन बार से तिथि ही नियत हो रही है

# नौनिहालों के लिए 16 अप्रैल से 'बालवाटिका अभियान' का होगा आगाज

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाया गया है बालवाटिका कक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार 16 अप्रैल से बालवाटिका अभियान की शुरूआत करने जा रही है। यह अभियान 29 अप्रैल तक चलेगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका के रूप में विकसित कर पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाना है। "सुनहरी शुरूआत बालवाटिका के साथ" नाम से चलाया जा रहा यह अभियान न केवल बच्चों की शिक्षा की नीव को मजबूत करेगा, बल्कि समुदाय को भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जोड़ेगा। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका कक्षा घोषित किया है। पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से 3 से 6 वर्ष के बच्चों को निरंतर संसाधन विकास एवं वातावरण सृजन संबंधी कार्य किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना। 3-6 वर्ष के बच्चों को बालवाटिका भेजने के लिए माता-पिता को प्रेरित करना। 5-6 वर्ष के बच्चों को स्कूल की कक्षा-1 के लिए तैयार करना। सभी 3 से 6 आयुवर्ग के बच्चों को बालवाटिका से जोड़ा जाना। ये गतिविधियां होंगी आयोजित6-17 अप्रैल को प्राथमिक स्तर के बच्चों के समर्थन से एक प्रभात फेरी का आयोजन18 से 21 अप्रैल को अभियान के उद्देश्य को उजागर करते हुए एक विशेष ग्राम सभा का 28 से 29 अप्रैल के मध्य पीटीएम, एसएमसी मीटिंग के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों पर चर्चा होगी।




# युवक युवती ने एक साथ खाया जहर, दोनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। करीब** दस दिन पहले घर से निकले युवक युवती ने मंगलवार की सुबह करीब साढे आठ बजे मथुरा में जंक्शन रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर दो के पास बने एक टीन शेड के नीचे एक साथ जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद दोनों के मुहं से झाग आने लगे। दोनों को तडपता देख आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी मथुरा जंक्शन को दी। मौके पर पहुंचे जीआरपी और आरपीएफ जवानों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को गंभीर हालत में मथुरा के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां इमरजेंसी वार्ड में उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड दिया। घटनास्थल थाना हाईवे क्षेत्र में बताते हुए जीआरपी ने इसकी सूचना एसपी सिटी को दी। इसके बाद थाना हाईवे पुलिस भी जिला चिकित्सालय पहुंच गई। यहां जीआरपी और थाना हाईवे पुलिस सीमा विवाद में उलझ गईं और करीब एक घंटे तक दोनों शव इमरजेंसी वार्ड में बैड पर पडे रहे। जीआरपी और थाना हाईवे पुलिस दोनों घटना स्थल को अपने क्षेत्र से बाहर का बता रही थी। इसके बाद थाना हाईवे पुलिस ने आगे की कार्यवाही पूरी।

एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया कि मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर दो के पास एक टीनशेड है। सुबह सूचना मिली थी कि यहां एक लडका और लडकी ने जहर खा लिया है। यहां दोंनों अचेत अवस्था में हैं। जीआरपी और थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची थीं। दोनों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जो लड़का है उसके पास आधार कार्ड मिला है, जिस पर नाम मुनेद्र पुत्र रामप्रकाश है जो शाहजहांपुर का रहने वाला है। मृतक युवक पिता को सूचना दे दी गई है। मृतक लड़की की पहचान नहीं हो सकी है। अभी देखने से कुछ कारण घटना का पता नहीं चल रहा है। परिजन आएंगे तो उनसे बात की जाएगी, डिटेल भी खंगाली जाएगी, इसके बाद जो पता चलेगा आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि गेट नंबर दो के टीन शेड के नीचे युवक व युवती बैठे हुए थे। लेकिन कुछ देर बाद दोनों ने पानी के साथ किसी चीज का सेवन किया है, इसके बाद दोनों ही बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# दो दिवसीय प्रवास के दौरान शाखा टोली के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सम्मान समारोह में शामिल होंगे सरकार्यवाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले दो दिवसीय प्रवास के दौरान 20 व 21 अप्रैल को लखनऊ में रहेंगे। दोनों दिन उनके कार्यक्रम तय हैं। आशियाना स्थित स्मृति उपवन मैदान में लखनऊ विभाग की नित्य लगने वाली सभी शाखाओं का एकत्रीकरण रखा गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शामिल होंगे और स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। सरकार्यवाह के संबोधन से पहले पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक दण्डयोग व व्यायाम का सामूहिक प्रदर्शन करेंगे। लखनऊ विभाग के चारों भागों के अपने अलग–अलग शारीरिक कार्यक्रम भी तय हैं। स्मृति उपवन के पूरे परिसर में पूर्ण गणवेश में ही कार्यकताओं का प्रवेश होगा। कार्यक्रम में मीडिया का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। शाखाओं पर चल रही तैयारी सरकार्यवाह के आगमन के मद्देनजर लखनऊ विभाग की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक शारीरिक कार्यक्रमों का अभ्यास कर रहे हैं। स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए जिला व विभाग स्तर के प्रवासी कार्यकताओं का शाखा व नगरस्तर पर प्रवास भी कर रहे हैं। इसके अलावा जिन स्वयंसेवकों के गणवेश पूर्ण नहीं हैं उनके गणवेश भी पूर्ण कराये जा रहे हैं। लखनऊ विभाग के सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश पाण्डेय व विभाग प्रचारक अनिल की देखरेख में कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं।

फास्ट न्यूज

## रोगियों ने नि:शुल्क डायलिसिस का लाभ उठाया: धन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** विगत तीन वर्षों में तीन हजार से अधिक किडनी रोगियों ने नि:शुल्क डायलिसिस का लाभ उठाया है। इन मरीजों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना के तहत ढाई लाख से अधिक बार सफलतापूर्वक डायलिसिस कराया गया है। किडनी से संबंधित रोगों के निदान के लिये प्रदेशभर के विभिन्न सरकारी चिकित्सालयों एवं राजकीय मेडिकल कॉलेजों में डायलिसिस केन्द्र स्थापित किये गये हैं जहां पर 166 डायलिसिस मशीनों के माध्यम से प्रतिदिन रोगियों का उपचार किया जा रहा है। ये बातें चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मंगलवार को जारी एक बयान में कही। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार को लेकर निरंतर प्रयासरत है ताकि आम लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें। राज्य सरकार के ठोस क्रियान्वयन एवं मॉनिटिरिंग के चलते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का लाभ किडनी मरीजों को मिल रहा है। मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत विगत तीन वर्षों में प्रदेशभर में कुल 3053 किडनी मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस का लाभ पहुंचाया गया है। गुर्दे के मरीजों को 2,87,366 बार डायलिसिस कराया गया है।

## अब बच्चों के मिड-डे मील के लिए स्कूलों को मिलेगा ज्यादा पैसा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों को अब बच्चों का मिड-डे मील पकाने के लिए ज्यादा पैसा मिलेगा। पांचवीं कक्षा तक के लिए मिड-डे मील की राशि प्रति छात्र प्रतिदिन 6.19 रुपये से बढ़ाकर 6.78 रुपये कर दी गई है। इसी तरह आठवीं तक के लिए मिड-डे मील राशि को प्रति छात्र 9.29 रुपये से बढ़ाकर 10.17 रुपये किया गया है। बढ़ी हुई दरें एक मई से लागू होंगी। मंगलवार को सरकार ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा तक प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है। गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद और पलवल (हथीन खंड को छोड़कर) में भोजन का प्रबंधन इस्कान की ओर किया जाता है, जबकि शेष 18 जिलों में स्कूल मुखिया ही भोजन तैयार कराते हैं। महंगाई बढ़ने के कारण सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील बनाने की लागत में भी वृद्धि हुई है।

# ममता ने दंगाइयों को दे रखी है दंगा करने की छूट: सीएम योगी

### बंगाल में दंगाइयों के उत्पात पर सीएम ममता बनर्जी पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारत की धरती पर क्यों बने हैं बोझ

**योगी की सख्ती**

**▸▸ बंगाल जल रहा, वहां की मुख्यमंत्री दंगाइयों को शांति दूत बताती हैं: योगी दंगों पर कांग्रेस, समाजवादी, टीएमसी मौन हैं: योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश ऐसा था कि जिसमें हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। इन दंगाइयों का उपचार डंडा है। बिना डंडे के ये मानेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं। वे दंगाइयों को शांति दूत कहते हैं, लेकिन वे बातों से कहां मानने वाले हैं? सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है। पूरा मुर्शिदाबाद एक सप्ताह से जल रहा है और सरकार मौन है। मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं पर सख्त लगाम लगाने की बात करते हुए वहां के माननीय न्यायालय का धन्यवाद दिया, जिन्होंने केंद्रीय बलों को भेजकर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में 650 करोड़ रुपए की 729 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण तथा शिलान्यास के दौरान ये बातें कहीं। सीएम 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी, राजा नरपति सिंह रैकवार के विजय दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। ग्रामसभा रोइया, रूदामऊ, माधौगंज, बिलग्राम हरदोई में आयोजित इस कार्यक्रम में विकास, सुरक्षा और विरासत तीनों की झलक एक साथ देखने को मिली।

**भारत की धरती पर क्यों बने हैं बोझ**
मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा,याद करिए 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के ये लोग मानेंगे नहीं। आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को वह शांति दूत कहती हैं।" विपक्ष के मौन पर मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस मौन है, समाजवादी पार्टी मौन है, टीएमसी मौन है। धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं, जो बांग्लादेश में हुआ था उसका समर्थन कर रहे हैं। जिसे बांग्लादेश अच्छा लगता है तो उन्हें बांग्लादेश चले जाना चाहिए। क्यों भारत की धरती पर बोझ बने हैं? प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी, राजा नरपति सिंह के विजय दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सीएम ने इस ऐतिहासिक स्मारक के महत्त्व का उल्लेख किया। साथ ही राजा नरपति सिंह रैकवार की भूमि और किले के उल्लेख पर खास जोर दिया, जो आस-पास के जिलों में विख्यात है। उन्होंने स्मारक के लिए केंद्रीय मंत्री और उस समय के मुख्यमंत्री रहे राजनाथ सिंह का भी विशेष रूप से आभार जताया।

### वक्फ संशोधन से सुरक्षित होगी गरीबों की जमीन

**मुख्यमंत्री** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को पारित करके गरीबों की जमीनों पर पड़ने वाली डकैती पर लगाम लगाने का काम किया है। इस कानून के तहत वह जमीन वापस आने के बाद हॉस्पिटल, गरीबों के मकान, हाईराइज बिल्डिंग, विश्वविद्यालय और स्कूल बनेंगे। साथ ही निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब किसी को जमीन पर कब्जा करके गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। इससे पहले जो जमीन के नाम पर लूट थी, वह रुकने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो जनता को बेवकूफ बनाने और आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं उनसे सावधान रहने की जरूरत है। हमें बाबा साहब अंबेडकर के बनाए गए संविधान पर विश्वास करना है। हमें विकास की प्रक्रिया से जुड़ना है।
सीएम ने कहा कि 75 वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहीं सरकारें गरीबों को आवास, शौचालय जैसी मूल सुविधाएं नहीं दे पाईं, वहीं अब उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोग आयुष्मान कार्ड का लाभ उठा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने आगे कहा, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की परिकल्पना पेश की है।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि देश के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरा देश एक अमृत महोत्सव के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का महत्व बताते हुए कहा, उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक 140 करोड़ भारतीय, एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम देश को एकजुट होने और लड़ने के लिए एक नया उत्साह प्रदान करने वाला अनुभव था। मंगल पांडे, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, बिठूर में नाना राव पेशवा तथा गोरखपुर के बंधु सिंह सभी ने अपने-अपने मोर्चों पर अंग्रेजों का मुकाबला किया। वहीं गोरखपुर में बंधु सिंह को अंग्रेज परास्त नहीं कर पाए। विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि, हरदोई में मेडिकल कॉलेज चालू हो चुका है। नर्सिंग कॉलेज भी आ रहा है। मेरठ, दिल्ली, प्रयागराज और काशी को जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे की योजनाएं आईं।

## स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र की प्राथमिकता: नड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल उपचारात्मक हो बल्कि निवारक, उपशामक और पुनवार्सात्मक भी हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री ने एमबीबीएस, डीएम, एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और बीएससी एलाइड हेल्थ साइंसेज कार्यक्रमों के 10 मेडिकल छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 434 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण सहित अन्य नेता मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक विशेष अवसर होता है जो विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है।

**दीक्षांत समारोह**

**▸▸ उशिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण सहित अन्य नेता मौजूद थे**


केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह वक्फ संशोधन बिल पर मीडिया से मुखातिब होते हुए।

## आयुष आधारित जीवनशैली का एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा उत्तराखंड: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। पतंजलि विश्वविद्यालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उत्तराखण्ड में निवारक स्वास्थ्य रणनीति विषय पर शोध कर रहा है। प्रस्तुतीकरण देखने के बाद



राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा भारत की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें न केवल संरक्षित करने की आवश्यकता है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्थापित कर वर्तमान जीवनशैली में अपनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तराखण्ड जैसे राज्य इस दिशा में कदम बढ़ाएं, तो यह ना सिर्फ लोगों के अच्छे स्वास्थ्य में मदद करेगा।

**शोध**

**▸▸ योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से उत्तराखण्ड में निवारक स्वास्थ्य रणनीति विषय पर शोध कर रहा है**




## यूपी ने अटल पेंशन योजना में किया उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** अटल पेंशन योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जो कि विशेष तौर पर असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को वृद्धावस्था में पेंशन सुविधा का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में शुरू की गई थी। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपी ने योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया है। यूपी ने लक्ष्य के सापेक्ष 104.22 प्रतिशत नामांकन किये हैं।




वर्तमान में प्रदेश में 1 करोड़ 18 लाख से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए यूपी को योजना की नोडल एजेंसी पीएफआरडीए से 'अवार्ड ऑफ अल्टीमेटम लीडर' मिला था।

**नामांकित**

**▸▸ वर्ष 2024-25 में 14,70,880 के लक्ष्य के मुकाबले हुए 15,32,989 नामांकन , 1 करोड़ से अधिक लोग हैं नामांकित**

## अलवर के मिनी सचिवालय को उडाने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलवर।** शहर के मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी झूठी निकली। पुलिस जांच के दौरान ऐसा कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस की ओर से जयपुर मुख्यालय पर सूचना की गई थी। जिसके बाद जयपुर से बमनिरोधक दस्ते की टीम करीब सवा एक बजे अलवर पहुंची।

**जल परिवहन** इसे विस्तार देने के लिए योगी सरकार गठित कर चुकी है अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण

## परिवहन की संभावनाओं को विस्तार देंगे जलमार्ग



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** केंद्र सरकार की मदद से उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की अगुआई वाली प्रदेश सरकार जल परिवहन को और विस्तार देगी। हिमालय और पहाड़ों से निकलने वाली गंगा, यमुना, सरयू जैसी सदानीरा (जिनमें साल भर पानी रहता है) नदियों के कारण उत्तर प्रदेश में जल परिवहन की सर्वाधिक संभावना भी है। जल परिवहन के लिए सबसे अनुकूल गंगा का सर्वाधिक बहाव क्षेत्र (बिजनौर से बलिया तक) उत्तर प्रदेश में ही हैं। लैंड लॉक्ड प्रदेश होने के कारण यूपी को किसी समुद्री बंदरगाह तक आसानी से पहुंच के लिए परिवहन के इस परंपरागत साधन की सर्वाधिक जरूरत भी है। यही वजह है कि देश का पहला अंतदेर्शीय जलमार्ग (राष्ट्रीय जलमार्ग 1) का क्रेडिट भी उत्तर प्रदेश को ही मिला।

**करीब 1100 किमी लंबा है राष्ट्रीय जलमार्ग-1**
प्रथम चरण में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर होते हुए पश्चिमी बंगाल के हल्दिया पोर्ट से जोड़ता है। इसकी कुल लंबाई करीब 1100 किलोमीटर है। इसके लिए वाराणसी में मल्टी मॉडल टर्मिनल, रामनगर, गाजीपुर एवं प्रयागराज फ्लोटिंग टर्मिनल भी संचालित हैं।

**वाराणसी, गाजीपुर और बलिया में बनेगा लिफ्टिंग ब्रिज**
हाल ही में केंद्र सरकार ने गाजीपुर, बलिया और वाराणसी में गंगा नदी पर लिफ्टिंग ब्रिज भी बनाने की घोषणा की है। भारी मालवाहक जहाजों के गुजरने के दौरान ऐसे ब्रिज ऊपर उठ जाते हैं और जहाज के गुजरने के बाद वह नीचे आकर पहले जैसे ही जुड़ जाते हैं। इससे परिवहन में कोई बाधा नहीं आती। जैसे अंतदेर्शीय जलमार्ग का विस्तार होगा उसी क्रम में लिफ्टिंग ब्रिजेज की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।